## प्राथमिक विद्यालय छक्कन बिगहा मे सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

करपी।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय छक्कन बिगहा मे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ दिलाई गई. इसके संबंध मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार निराला ने बताया कि सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बच्चो एवं शिक्षक-शिक्षिकाओ को यातायात के



नियमो के संबंध मे शपथ दिलाया गया. बाइक चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नही करना,सड़क के बायीं ओर चलना,चलती गाड़ी पर नही चढ़ना और नहीं उतरना,शराब पीकर वाहन नही चलाना,दुर्घटनाग्रस्त वाहन सवार की मदद करना,यातायात नियमों का हमेशा पालन करना इत्यादि बातो को बताया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो के माध्यम से उनके अभिभावकों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। बच्चो द्वारा विद्यालय के पोषक क्षेत्र मे यातायात नियमों के नियमित पालन करने हेतु लोगो को जागरूक करने मे सहयोग मिलेगा। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका रेणु कुमारी,शिक्षक रविशंकर, नागेंद्र कुमार, बाल संसद सदस्य दुर्गा,किरण, रीता,प्रभु,खुशी,सिमरन, सूरज सहित दर्जनो छात्र-छात्राएँ उपस्थित हुए।

## नबीनगर में मानवाधिकार दिवस पर रैली का आयोजन

समाज जागरण , वेदप्रकाश प्रखंड संवददात्ता नबीनगर औरंगाबाद (बिहार)

10 दिसम्बर 2022 :- अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय मे आज 10 दिसंबर 2022 को मानवाधिकार दिवस मनाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस एनसीसी एवं महाविद्यालय के छात्र एवं शिक्षकों



द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई जो पूरे नवीनगर में मानवाधिकार से संबंधित जागरूकता फैलाई यह जागरूकता रैली प्रोफेसर मदन रजक एवं प्रोफेसर जयप्रकाश की अध्यक्षता में चलाया गया प्रोफेसर मदन रजक छात्रों को संबोधित करते हुए मानव के हितों के सुरक्षा एवं अधिकारों के बारे में बताया इस रैली को सफल बनाने में प्रोफेसर जयप्रकाश मृत्युंजय निखिल तिवारी कमलेश एवं अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## होटल में काम कर रहे दो बालक को श्रम विभाग ने कराया मुक्त, प्राथमिकी दर्ज

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-जिला श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा वारिसलीगंज बाजार स्थित हरि ओम स्वीट नामक होटल में छापेमारी कर दुकान में काम कर रहे दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर स्वजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद पदाधिकारी द्वारा स्थानीय थाना में होटल मालिक दीपक कुमार को आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी करवाया गया। प्राथमिकी के अनुसार पिछले 5 दिसंबर को



अधिकारी द्वारा की गई छापेमारी में मसुदा गांव के 12 वर्षीय विकाश कुमार और 13 वर्षीय राहुल कुमार को होटल में काम करते देखा गया। जिसके बाद दोनों बालक को वहां से मुक्त करा लिया गया। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के ईंट भट्ठों से लेकर शहर के अधिकांश होटलों, किराना की दुकानों आदि में बच्चों द्वारा खुलेआम जोखिम वाले कार्य कराया जा रहा है।

## तीन लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का प्राथमिकी दर्ज

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-वारिसलीगंज बिजली विभाग द्वारा छापेमारी कर विभिन्न स्थानों से चोरी कर बिजली जलाते पकड़ा गया। बाद में विभाग के सहायक विद्युत अभियन्ता अभिषेक कुमार के आवेदन पर स्थानीय थाना मे प्राथमिकी दर्ज कर अलग अलग जुमार्ना किया गया। प्राथमिकी के अनुसार झौर गांव के विभीषण मिस्त्री द्वारा बिजली खपत करने को ले ₹12400, उसी गांव के मुन्ना महतो पर ₹11598 रुपया तथा माफी गढ निवासी संजीत कुमार पर ₹22014 रुपये का जुमार्ना किया गया है।

## वारिसलीगंज में बाल अधिकार दिवस का हुआ आयोजन

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-एक्शन एड, यूनिसेफ के द्वारा जिले के वारसलीगंज प्रखंड राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय दरियापुर के प्रांगण में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बाल अधिकार दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में वारसलीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के महादलित विकास मिशन से चलने वाली किशोरी किशोर समूह के बच्चों ने भाग लिया।कार्यक्रम में विकास पाण्डेय सहायक निदेशक - सह - वरीय उप सम्हार्ता जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की



विश्व मानवाधिकार दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस महत्त्वपूर्ण दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। ह्यसंयुक्त राष्ट्र संघह्य की महासभा ने 10 दिसम्बर, 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को अधिकारिक मान्यता प्रदान की थी तब से यह दिन इसी नाम से याद किया जाने लगा।किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, और सम्मान का अधिकार है।ह्यभारतीय संविधानह्य इस अधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा देती है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने ह्यराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोगह्य का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं।महिला अधिकार,अल्पस जनजाति एक्शन एड़ के जिला समन्वयक अरबिंद कुमार द्वारा बाल अधिकार दिवस के अवधारणा पर प्रकाश डाला। निःशुल्क शिक्षा अधिकार, समानता का अधिकार, बाल मजदूरी बिरुद्ध बने कानून की जानकारी दिया। पोक्सो अधिनियम 2012, किशोर न्याय, अधिनियम 2015 के बारे में बताया गया। मुकेश कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों को विस्तारपूर्वक बताया तथा समाज कल्याण विभाग से बच्चों के लिए कल्याणकारी योजना जैसे परवरिश योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। कुमारी संगीता सिन्हा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के बारे में बताया।कार्यक्रम में एक्शन एड की प्रखंड समन्वयक जेबा वसी, नरेश पासवान, जनप्रतिनिधि, विद्यालय के प्रधानाघ्यापक , आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में तीन घायल

कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां- कौआकोल पथ पर दतरौल मोड़ के पास शनिवार को सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि कौआकोल थाना क्षेत्र के टिकोडीह गांव निवासी मो. साबिर अंसारी, मो. इशरार अंसारी एवं नवादा भदौनी के अफसर अंसारी बाइक से कौआकोल जा रहे थे। इस बीच टोटो एवं बाइक के बीच टक्कर हो गई। जिससे तीनों लोग घायल हो गये। घायलों को कचना गांव के धर्मेंद्र कुमार अपने वाहन से सामुदायिक केद्र पहुंचाया। पूर्व में भी इन्होंने कई बार सड़क हादसे में घायल लोगों को सीएचसी पहुंचाया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया है।

## हसपुरा में उप दिव्यांजनो को बैट्री चालित ट्राई साईकिल मिला

दैनिक समाज जागरण,निशांत कुमार , अनुमंडल संवाददात्ता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार) 10 दिसम्बर 2022 : - मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण (सम्बल) योजना अंतर्गत बुनियाद केंद्र हसपुरा में सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग औरंगाबाद, प्रखंड प्रमुख हसपुरा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी हसपुरा की उपस्थिति में 10 दिसंबर 2022 को 34 योग्य दिव्यांगजनो के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया।

विदित है कि इससे पूर्व भी जिला में 49 दिव्यांगजनो को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया जा चूका है। इस योजना अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में इस



वित्तीय वर्ष में कुल 279 बैट्री चालित ट्राइसाइकिल देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना का लाभ लेने हेतु योग्य दिव्यांगजन समाज कल्याण विभाग के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन देते हैं, जिसकी प्रखंड स्तरीय जांच कराई जाती है और जिला में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमिटी के द्वारा स्वीकृति दी जाती है। अब तक जिले में 164 आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है। शेष आवेदन स्वीकृति हेतु प्रक्रिया में हैं। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा बताया गया कि सभी स्वीकृत दिव्यांगजनो को ट्राइसाइकिल उपलब्ध होने के पश्चात उनके नजदिकी प्रखंड/अनुमण्डल/बुनियाद केंद्र में वितरण करा दिया जाएगा।

## नगर निकाय चुनाव तिथि की घोषणा होते ही वारिसलीगंज नप क्षेत्र होने लगा है, गुंजायमान

### 18 दिसंबर को होगी वारिसलीगंज नगर निकाय का चुनाव, संशय समाप्त

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-सर्वोच्च न्यायालय ने आवेदक सुनील कुमार के चुनाव रोकने के आवेदन को खारिज करते हुए इस मुद्दे पर अगली सुनवाई आगामी 20 जनवरी 2023 की मुकर्रर तिथि को किए जाने का निर्णय दिया है। फलतः चुनाव आयोग द्वारा घोषित तिथि को मतदान होने में अब कोई संशय नहीं है। अभी तब मृतदान होने में संशय की खबर से प्रत्याशियों द्वारा खुलकर चुनाव प्रचार नहीं किया जा रहा था। लेकिन शुक्रवार को सोशल साइटों पर मतदान 18 एवं 28 दिसंबर की निर्धारित तिथि को होने की खबर मिलते ही उम्मीदवारों द्वारा जोर- शोर से प्रचार-प्रसार अभियान शुरू कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटनी के कारण बाजार की सड़कों पर छाया सन्नाटा पुनः गुलजार होने लगा है। प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा लोगो (मतदाताओं ) के बीच पहुंच कर वोट मांगने का कार्य शुरू कर दिया गया है। ठंढ के बाबजूद देर शाम तक बाजार के सड़को पर प्रत्याशियों के समर्थक नारा एवं चुनावी गीत बुलंद करते देखे गए। बता दें कि पूर्व में तय 10 अक्टूबर के मतदान की तिथि के मात्र छह दिन पहले चुनाव स्थगित कर दिया गया था। चुनाव आयोग द्वारा पुनः दूसरी तिथि 18 और 28 दिसंबर को घोषित किया है। इस संबंध में प्रशासनिक स्तर से चुनाव की तैयारी में भी तेजी आ गई है। लोगो में अब




कोर्ट का भय समाप्त हो चुका है। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने आगामी सुनवाई की तिथि 20 जनवरी तय किया है। तब तक दोनों चरणों की चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस बाबत गत बुधवार को सरकारी स्तर से सभी उम्मीदवारों को चुनाव की नई तिथि की सूचना नोटिस के माध्यम से दी गई। अब एकबार फिर चुनावी शोर से वारिसलीगंज नप क्षेत्र गुंजायमान होने लगा है। हलांकि अपने पक्ष में जनाधार कमजोर देख कुछ प्रत्याशी अभी भी चुप्पी साधे है। जबकि कुछ प्रत्याशियों द्वारा प्रचार प्रसार को काफी तेज कर लोगो से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि अब जब मतदान की नई तिथियों की घोषणा हो चुकी है। बाबजूद चुनाव स्थगित होने से पहले वाला जोश न तो उम्मीदवार में है और न ही मतदाताओं में दिख रहा है। बता दें की 10 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिए सभापति, उप सभापति और वार्ड पार्षद के रूप में नप के 25 वार्ड में कुल एक सौ बीस उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे थे। जो चुनाव स्थगित होने के बाद मायूस हो गए थे। एक बार फिर नई तिथि को चुनाव कराए जाने की घोषणा बाद चुनाव प्रचार में धीरे-धीरे तेजी आनी शुरू हो गई है। वारिसलीगंज नप का मतदान प्रथम चरण यानि 18 दिसंबर को होना है। राहत की बात है कि आयोग ने पूर्व में कराए गए नामांकन एवं आवंटित चुनाव चिन्ह को ही बैध घोषित किया गया है। जिसे लेकर बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार के द्वारा सभी उम्मीदवारों को नोटिस भेजकर सूचना दी गई है। अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देश व मतदान और मतगणना की तिथि कि जानकारी उम्मीदवारों को दी जा रही है।

## चीनी मील मैदान में हुआ तरंग खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेशानुसार 1 से 10 दिसंबर के बीच प्रखंड स्तरीय तरंग मेघा उत्सव प्रतियोगिता आयोजित की जानी है। वारिसलीगंज प्रखंड शिक्षा कार्यालय के द्वारा शुक्रवार को स्थानीय चीनी मिल मैदान में प्रखंड के विभिन्न संकुलों से आए विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार का खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। लेकिन प्रतियोगिता के पहले दिन स्थल पर घोर अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से पहुंचे सैकड़ों विद्यार्थी व शिक्षकों के लिए बैठने के लिए कुर्सी टेबल या टेंट, पानी एवं फास्ट एड की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। जिस कारण घंटों चले प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक परेशान होते रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र के अनुसार वारिसलीगंज में 9 दिसंबर 2022 को मध्य विद्यालय



स्तरीय प्रतियोगिता जिसमें वर्ग 6 से 8 के विद्यार्थी भाग ले रहे थे। उसी प्रकार 10 दिसंबर 2022 को प्रखंड के उच्च विद्यालय अध्ययनरत वर्ग 9 से 12 तक के विद्यार्थी के लिए विभिन्न प्रकार का खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जानी है। प्रतियोगिता में कबड्डी, खे-खो, फुटबाल आदि खेल शामिल है। जहां से सफलता प्राप्त विद्यार्थी जिला खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। खेल प्रतियोगिता कराने के लिए सरकार द्वारा प्रतियोगिता स्थल पर कुछ आवश्यक व्यवस्था करने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सुस्ती से व्यवस्था के नाम पर राशि का कोई उपयोग देखने को नहीं मिला। शिकायत अपने बच्चों के साथ प्रतियोगिता में पहुंचे दर्जनों शिक्षकों द्वारा पत्रकारों से की गई। प्रखंड स्तरीय तरंग मेघा उत्सव आयोजन स्थल पर टेंट, पानी, कुर्सी सहित प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। फलतः प्रतियोगिता में शामिल होने आई उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीला बीघा के वर्ग आठ की छात्रा गुड़िया कुमारी गिरकर जख्मी होकर अचेत हो गई।जिसे शिक्षकों द्वारा चिकित्सक से इलाज कराया गया।

## सैन्य सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए नायक मदन

### महज 37 वर्ष की उम्र में कैंसर से दुनिया से चले गए मदन कुमार जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-भारतीय सेना के नायक मदन कुमार का शव पहुंचते ही शुक्रवार को मरूई पंचायत के जागीर गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शहीद बेटे का पार्थिव शरीर को देखकर मां यशोदा देवी बिलख-बिलख कर रो पड़ी। वहीं पत्नी नूतन बाला सिन्हा, बेटे क्रियांशु और प्रियांशु की दहाड़ से लोग दहल उठे। महज 37 वर्ष की उम्र में दुनिया से चले गए सेना नायक मदन कुमार के शव को देख वहां मौजूद हर किसी के आंखों से आंसू निकल रहे थे। इस दौरान पार्थिव शरीर को लेकर पहुंचे सेना के जवान भी अपने आंसू नहीं रोक पाए । आंसुओं के सैलाब और गम की आंधी के बीच किसी प्रकार अंत्येष्टि की तैयारी की गई। हल्की वायु रक्षा रेजीमेंट कानपुर और ओटीए गया से आए जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद गांव में ही जवान का अंतिम संस्कार किया गया। चौदह साल के बड़े बेटे



क्रियांशु शेखर वर्मा ने पिता को मुखाग्नि दी। जागीर गांव निवासी मदन कुमार भारतीय सेना के 157 हल्की वायु रक्षा रेजिमेंट में 19 साल से नायक पद पर कार्यरत थे। दो साल पहले सियाचिन से ड्यूटी से वापस लौटने के बाद स्वास्थ्य संबंधित परेशानी महसूस होने पर चिकित्सकों से संपर्क किया। जांच रिपोर्ट में कैंसर स्पष्ट होने के बाद मदन कुमार सेना के लखनऊ कमान हॉस्पिटल में एडमिट थे। जहां 08 दिसंबर की सुबह मदन जिंदगी से जंग हार गए।09 दिसंबर को नायब सूबेदार एलबी यादव की अगुवाई में पूरे सैन्य सम्मान के साथ सेना नायक का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव जागीर लाया गया। जहां नायक के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ ने गमगीन माहौल में अश्रुपूर्ण विदाई दी। मगर हैरानी बात यह थी कि प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचे। और ना ही किसी बड़े प्रतिनिधि ने सेना नायक के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेना मुनासिब नहीं समझा। हालांकि स्थानीय मुखिया मुटुरवा देवी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल मेहता समेत दर्जनों समाजसेवी सेना नायक की अंत्येष्टि तक मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केन्द्र द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखंड के रफीगंज आर बी आर के खेल मैदान में नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार औरंगाबाद के तत्वाधान में खेलकूद का कार्यक्रम किया गया।जिसमें फुटबॉल वॉलीबॉल कबड्डी दौड़ एवं बैडमिंटल का आयोजन किया गया।जिसमे रफीगंज प्रखंड के एनवाईभी शुभम सिंह ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा हर साल सर्दी के मौसम में खेल का आयोजन किया जाता है।हर खेल में जीते हुए प्रतिभागी को ट्रॉफी शील्ड एवं मैडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है।जो प्रखंड स्तरीय खेल में सिलेक्शन होते हैं,उन्हें जिला स्तरीय में भाग लेने का मौका दिया जाता है।वही कबड्डी में 6 टीम में रफीगंज टाउन टीम ने जीत हासिल किया है। वॉलीबॉल में तीन टीम में महाकाल टीम रफीगंज ने जीत हासिल किया है ।वही 800 मीटर की दौड़ में पचासी बच्चा में से पहला स्थान शिवम कुमार दूसरा स्थान अक्षय कुमार तीसरा स्थान पर गुड्डू कुमार ने बाजी मारी हैं। फुटबाल में 3 टीम में टाउन टीम रफीगंज ने जीत हासिल किया।बैडमिंटल में हार्दिक कुमार और प्रांशु सिंह ने जीता। इस कार्यक्रम में उपस्थित रफीगंज के थाना प्रभारी राम इकबाल यादव।भाजपा के जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा औरंगजेब खान।राजद के प्रखंड अध्यक्ष रफीगंज सल्लू यादव। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह,राजद के दीपक कुमार,आनंद फिजिकल अकादमी के आनंद कुमार,समाजसेवी पिंटू चौरसिया जी,महफूज आलम,विकास कुमार,हार्दिक सिंह राजपूत,राहुल कुमार,प्रांशु कुमार उर्फ लाला,पिंटू कवाड़ा,मंजीत यादव उपस्तित रहे।

## जिले की एकमात्र गोशाला भी अव्यवस्था की शिकार, बाजार में भटकते मिलेंगे आवारा पशु

### गोशाला के मृत होने से सड़कों पर पशुओं का जमावड़ा, वाहनों व आम लोगों को हो रही है परेशानी

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-निराश्रित गोवंश को संरक्षण देने के लिए गोशाला का प्रावधान है लेकिन जिले में गोशाला का नितांत अभाव है। जिले का एकमात्र गोशाला होने का गौरव प्राप्त वारिसलीगंज को है लेकिन पिछले दो दशक से अधिकारियों और गौशाला प्रबंधन की लापरवाही से जीर्ण शीर्ण हो चुका है। जबकि गौशाला के पास करीब 10 करोड़ की अचल सम्पति मौजूद है। बावजूद बाजार की सड़कों पर छुट्टा घूमने वाले आवारा पशुओं को इस ठंड भरी रात में परेशानी बढ़ती है। करीब एक दर्जन छोटे बड़े पशु जिसमें अधिकांश सांढ,गाय और बछड़ा शामिल हैं। वारिसलीगंज बाजार की सड़कों समेत ग्रामीण इलाको में दिनरात भ्रमण करते देखा जाता है। इन पशुओं की देखभाल करने वाला कोई नहीं है देखभाल नहीं होने के कारण दिनभर तो इधर उधर विचरण करने के बाद ठंढ भरी रात में पशु खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करते हैं। इन पशुओं के चारे की कोई व्यवस्था नहीं होती है।



फलतः सड़कों के किनारे फल व सब्जी मंडी में विचरण कर कूड़े कचड़े के ढेरों में अपना भोजन की तलाश करते है।

**प्लास्टिक खाने से हो रही असामयिक मौतें**

भूख के मारे मवेशी परेशान रहते हैं। इस दौरान बाजार के घरों से कूड़े में फेंका गया बासी भोजन खाने के चक्कर में कई बार पॉलीथिन के बैग को साथ निगल जाता है। जिससे उसकी असमय मौत हो जाती है। बाजार के लोगों का कहना है कि वारिसलीगंज का गोशाला जब चालू था। तब वृद्ध विकलांग जानवरों को लोग वही पहुंचा देते थे। जिसके भोजन आदि का प्रबंध गौशाला प्रबंधकारिणी समिति करती थी। लेकिन गौशाला की कुव्यवस्था के कारण दर्जनों पशु शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में आवारा पशु की तरह घूमते मिलते हैं। जो किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

क्या कहते हैं गोशाला कमेटी के अध्यक्ष

गोशाला प्रबंधकारिणी कमेटी का पदेन अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी होते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर सदर एसडीएम उमेश कुमार भारती कहते हैं , कि मुझे वारिसलीगंज स्थित गोशाला के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिली है की गौशाला के सचिव और कमेटी के सदस्य कौन कौन हैं।घोषणा हुई लेकिन सूरत नहीं बदली हालांकि पांच वर्ष पूर्व तत्कालीन नवादा सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वारिसलीगंज गौशाला का जीर्णोद्धार कर पुनर्जीवित करते हुए दो दुधारू गाय देने की घोषणा वारिसलीगंज में किया था।

## चोरी के 128 रेल पेन्ड्रॉल क्लिप और लाइनर के साथ दो चोर धराए

### 06 दिसंबर को रेलवे संपत्ति कर ली थी चोरी पीडब्ल्यूआई, शेखपुरा की सूचना के बाद नवादा आरपीएफ को मिली बड़ी कामयाबी

- **झाड़ी में छिपाकर रखा गया था चोरी का सामान, कबाड़ में भी बेचा था कुछ सामान**
- **चोरी के रेल पेन्ड्रॉल क्लिप और लाइनर के साथ शुक्रवार को पकड़े गये अपराधी ।**
- **काशीचक और बाघीगोसपुर के बीच बोझमा गांव के सामने से हुई थी चोरी**

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-चोरी के रेल पेन्ड्रॉल क्लिप और रेल लाइनर के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। नवादा आरपीएफ को काफी मशक्कत के बाद यह बड़ी कामयाबी मिली है।किऊल-गया रेलखंड स्थित काशीचक स्टेशन और बाघी गोसपुर हॉल्ट के बीच बोझमा गांव के सामने से इन सामग्रियों की चोरी 06 दिसंबर को कर ली गयी थी । रेल लाइन से लगभग 180 से ज्यादा रेलवे ट्रैक का पेन्ड्रॉल क्लिप और लाइनर चोरी की सूचना 07 दिसंबर की सुबह में पीडब्ल्यूआई, शेखपुरा के द्वारा दी गयी थी।आरपीएफ के एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि इस सूचना पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए उनके निर्देशन में उप निरीक्षक ललन कुमार सिंह, आरक्षी शिव शंकर कुमार, आरक्षी राजेंद्र कुमार यादव



और आरक्षक कविन्द्र पासवान की एक टीम बनायी गयी और सुराग की तलाश शुरू की गयी। अगले दिन गुप्त रूप सूचना मिलने पर बोझमा गांव के राम कुमार को इस चोरी की घटना को अंजाम देने के आरोप में बोझमा गांव के दक्षिण सुनसान रेल लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया ।वह रेलवे लाइन के बगल में पश्चिम तरफ झाड़ी में छिपा कर रखे चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया। वहां बरामद प्लास्टिक के बोरे में 20 पीस रेलवे का पेन्ड्रॉल क्लिप और 14 पीस रेल का लाइनर मिला। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि उसने 06 दिसंबर की रात 08 से 09 बजे के बीच चोरी की थी।इनमें से काफी सामान वारिसलीगंज के चांदनी चौक स्थित विकास कुमार के कबाड़ दुकान में बेच दिया था।इसके बाद राम कुमार की निशानदेही पर विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि दो लोगों ने उसकी कबाड़ दुकान पर रेल का लगभग डेढ़ क्विटल लोहा दो खेप में लाकर बेचा था। जिसे 30 रुपये किलो की दर से उसने खरीदा था । उसने भी सामान अगली सुबह नवादा के सत्यम धर्म कांटा कबाड़ दुकान में 35 रुपये किलो के दर से बेच दिया । मौके पर छापेमारी कर विकास कुमार के कबाड़ दुकान से 15 पीस पेन्ड्रॉल क्लिप और 18 पीस लाइनर बरामद किया गया। अब विकास कुमार की निशानदेही पर नवादा के सत्यम धर्म कांटा के कबाड़ दुकान में छापेमारी की गई जहां से मालगोदाम, नवादा निवासी मालिक गोपाल साव फरार हो गया। उसके मुंशी और ड्राइवर की उपस्थिति में कबाड़ दुकान को चेक किया गया तो वहां पर छुपा कर रखे सात बोरी में रेल का 153 पीस पेन्ड्रॉल क्लिप और 128 पीस रेल का लाइनर बरामद किया गया। दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को जब्त सभी सामान के साथ आरपीएफ थाना किऊल लाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया प्रखंड क्षेत्र में खरीफ फसल उत्पादन का आकलन

समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददात्ता, कुटुम्बा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 10 दिसंबर 2022 :- प्रखंड विकास पदाधिकारी कुटुम्बा चंद्र भूषण गुप्ता एवं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने 10 दिसंबर 2022 को प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर खरीफ फसल उत्पादन दर का आकलन किया। ग्राम पंचायत जगदीशपुर के तमसी गांव में क्रॉप कटिंग में 44.92 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज मापी गई। वीडीओ चंद्र भूषण गुप्ता ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र



में खरीफ फसल के उत्पादन का रिकॉर्ड सरकार को भेजा जाता है। रिकॉर्ड के आधार पर पैदावार एवं कृषि के तकनीक का आकलन किया जाता है। इन्हीं रिकॉर्ड्स के आधार पर फसल बीमा करवाने वाले किसानों को फसल बीमा का लाभ दिया जाता है। इस दौरान किसान सलाहकार संजीव कुमार सिंह,बीएलओ निर्भय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जदयू (युवा प्रकोष्ठ ) संतन कुमार सिंह, पूर्व मुखिया जयप्रकाश नारायण सिंह, मुखिया प्रत्याशी अमिताभ कुमार सिंह, विवेक सिंह, अक्षय सिंह समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने पीएनबी के सेवा को दिया त्रुटि करार

### पीड़िता को एक लाख 35 हजार भुगतान करने का दिया निर्देश

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष राज कुमार प्रसाद, सदस्य डॉ पूनम शर्मा व मिथिलेश कुमार ने पंजाब नेषनल बैंक के वरिसलीगंज शाखा के शाखा प्रबंधक को सेवा में त्रुटी का दोषी करार देते हुए उपभोक्ता सरिता देवी को एक लाख 35 हजार रुपए भुगतान किये जाने का आदेश जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारिसलीगंज निवासी सरिता देवी ने ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के वारिसलीगंज शाखा से वर्ष 2012 में डेढ लाख रुपए का कैश क्रेडिट करा कर्ज लिया था। वर्ष 2015 में सरिता देवी को 26 हजार 6 सौ रुपए की आवश्यकता पड़ने पर अपने पति त्रिवेणी प्रसाद राउत का 50 हजार रुपए का जीवन बीमा




पॉलिसी को बैंक में जमा कर कर्ज प्राप्त किया। बैंक नें कर्ज की राशि उपभोक्ता को पूर्व में लिये कैश क्रेडिट के खाता में जमा कर दिया तथा उपभोक्ता को निर्देशित किया कि उक्त राशि का किस्त भी सरिता देवी उक्त खाता में जमा करे। बैंक के निदेशार्नुसार सरिता देवी कैश क्रेडिट के खाता में रुपए जमा करती रही, बावजूद बैंक ने सरिता देवी के द्वारा गिरमी रखे बॉन्ड को तोड़ कर कर्ज की राशि वसूल लिया। बॉन्ड को तोड़ने के पहले कर्जदार सरिता देवी को कोई सूचना निर्गत नही किया। बैंक के क्रियाक्लाप से असंतुष्ट होकर उपभेक्ता ने आयोग में परिवाद संख्या 51/19 दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई। आयोग के द्वारा सूचना निर्गत किये जाने के बाद विपक्षी बैंक आयोग में उपस्थित हुआ, किन्तु अपना लिखित कथन दाखिल नही किया।

## संत टेरेशा इंग्लिश हाई स्कूल का चार दिवसीय प्रोग्राम का समापन, चार ग्रुप के बेहतर प्रदर्शन करने वालें को किया गया पुरस्कृत

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-वारिसलीगंज नगर दरियापुर रोड में अवस्थित संत टेरेशा इंग्लिश हाई स्कूल वारिसलीगंज में चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन शनिवार को किया गया। इस चार दिनों के कार्यक्रम में हर दिन बच्चों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीके साहू इंटर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ गोविंदजी तिवारी, संत जोसेफ स्कूल गुलनी के स्टूडेंट काउंसलर सिस्टर ऐनसी, सागर के संगम इंटर रिलिजियस डायलॉग इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर फादर जेम्स रोजारियो, संत जोसेफ गुलनी के प्राचार्य फादर भागीरथ और वारिसलीगंज बीडीओ पंकज कुमार मौजूद रहे।स्कूल के प्राचार्य अनूप थॉमस के द्वारा भी बच्चों को अनेक ज्ञान की बातें बताते हुए बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। यह रंगारंग कार्यक्रम विद्यालय के चारों ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा नाटक, नृत्य, कविताएं व गीत प्रस्तुत की गई। इन कार्यक्रमों ने अभिभावकों का मनमोह लिया। बच्चों ने भी इन चार दिनों में अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम स्थान ब्लू ग्रुप, दूसरा स्थान रेड ग्रुप, तीसरा स्थान ग्रीन ग्रुप तथा चौथे स्थान पर येल्लो ग्रुप रहा। इस प्रतियोगिता में बेस्ट एंकर अनन्या, बेस्ट डांसर माही व श्रेया, बेस्ट कोऑर्डिनेटर शिक्षक अजय और शिक्षिका गायत्री व बेस्ट एक्टर का अवार्ड वैभव को दिया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सांस्कृतिक समिति के सदस्य पॉल सर, आशिया मिस, संतोष सर सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्रों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : जूनियर हाईस्कूल परिसर में शनिवार को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर फूल चढ़ाकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया।



बांसडीह ब्लाक के दस एनपीआरसी के 118 स्कूलों के छात्र, छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। उच्च प्राथमिक के सौ मीटर दौड़ में खरौनी के अप्पू, बालिका में निशा, दो सौ मीटर बालक में केवटलिया के आशीष व बालिका में खरौनी की निशा, पांच सौ मीटर दौड़ बालिका में सेरिया की प्रियंका व बालक में केवटलिया के आशीष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालयों में पचास मीटर दौड़ में बालक में अप्पू, बालिका में निशा, सौ मीटर दौड़ बालक में बजरंगी, बालिका में संध्या तथा दो सौ मीटर दौड़ में बालक में बिट्ठू बालिका में सुंदरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्राथमिक बालिका में टीएस बंधा खरौनी व बालक में केवटलिया चौबे तथा उच्च प्राथमिक बालक में केवरा वह बालिका में कस्तूरबा स्कूल ने जीत दर्ज किया। दोनों वर्ग के बच्चों ने दौड़, कबड्डी ,लंबी कूद , खो खो आदि खेलों में अपना प्रर्दशन किया। टीमों व बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल व शील्ड देकर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील चौबे ने सम्मानित किया। इस मौके पर राजेश दूबे, एहशानुल हक, गिरीश वर्मा, वेदप्रकाश, अर्जून, के के सिंह, हरेराम सिंह, घनश्याम चौबे, जयप्रकाश, शमार्नाथ यादव,आदि थे ।

## हर्ष सिंह का सहायक चकबंदी अधिकारी के पद पर चयन

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा शनिवार को लोअर सबाडिंनेट के घोषित परीक्षफल में बांसडीह कचहरी निवासी हर्ष सिंह का सहायक चकबंदी अधिकारी पद पर चयन हुआ हैं। आयुष चिकित्सक डा विनोद सिंह के पुत्र हर्ष के चयन पर प्रसन्नता का माहौल रहा। सनद रहे हर्ष ने सरस्वती विद्या मंदिर से वर्ष 2009 हाईस्कूल व वर्ष 2011 में इंटर की परीक्षा पास किया। वर्ष 2016 में एकेटियू से बीटेक करने के बाद हर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए। स्व कपिलदेव सिंह के नाती हर्ष की मां गीता सिंह गृहणी हैं। हर्ष के चयन पर विधायक केतकी सिंह, अरूण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अश्वनी सिंह पिंटू आदि ने बधाई दी है।



## प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व सम्बन्धी कुल तीन मामलों के निपटारे के लिए फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिए। जिसमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर इंस्पेक्टर (अपराध) अनुराग शुक्ला, एसआई कमलेश पाठक,कानूनगो सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।



## बाइक टैंपो की आमने-सामने भिड़ंत में टैंपो सवार दर्जन भर घायल

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : बाइक व टेम्पू की आमने सामने टक्कर में टेंपो सवार करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बांसडीह पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनियार की तरफ से आ रही टेंपो एव मोटर साइकिल की टक्कर बाँसडीह- नरायनपुर मुख्य मार्ग पर देवडीह गांव के समीप शनिवार की दोपहर में मोटरसाइकिल व टेम्पू में जोरदार टक्कर होने से टेंपो सवार करीब एक दर्जन लोग घायल घायल हो गए। आसपास के लोगो ने इसकी सूचना बांसडीह पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने लोगो की मदद से सभी घायलों समुदायिक स्वास्थ केंद्र बांसडीह भेजवाया जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सको ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। टेंपो सवार घायलों में रेखा कुमारी पुत्र सुरेश रजक एवं चंद्रकांत, रेखा पत्नी चंद्रकांत निवासी रुकनपुरा, उषा देवी पत्नी सीताराम ठाकुर, श्रेया कुमारी पुत्री सीताराम ठाकुर,



सीताराम ठाकुर पुत्र स्व बैजनाथ ठाकुर निवासी भीखमपुर, गोविंदा निवासी अहिरौली पांडेय, राममिलन पुत्र जवाहिर, राजेंद्र पुत्र शिवपूजन निवासी मंगलपुरा, बैजनाथ निवासी बड़ागांव, शिवजी यादव पुत्र चंदेदेव यादव, मांती देवी पत्नी शिवजी यादव निवासी बेलहरी घायल हो गए। जिन्हे गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया वहीं कुछ का प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया।

## द्वाबा की धरती पर भी होगी हिंदी फीचर फिल्म की शूटिंग

**सत्यप्रकाश सिंह, दैनिक समाज जागरण**

रानीगंज (बलिया) : जयपुर से आए डायरेक्टर संजय कुमार सिंह और राइटर ड़ा. सुनील कुमार कुमावत आने वाली अनाम हिंदी फीचर फिल्म के लिए बलिया द्वाबा की धरती पर विभिन्न क्षेत्रों में जाकर फिल्म के विषय पर रिसर्च किया। यह फिल्म पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कई सामाजिक विषयों पर केन्द्रित होगी।

इस फिल्म की शूटिंग के लिए सिताब दियरा, गोन्हिंया छपरा, कोटवां सहित द्वाबा के विभिन्न स्थानों पर लोकेशन की रेकी की गई। जुलाई 2022 में रिलीज हुई काईंड फिल्म्स के बैनर तले बनी हिंदी फीचर फिल्म ' मेहू' के निर्देशक रहे संजय कुमार सिंह पुर्व मीडियाकर्मी रहे हैं तथा ओटीटी पर भी 20 से ज्यादा शॉर्ट फिल्मों का लेखन और निर्देशन कर चुके हैं। जिनमें 'आसरा', 'परी', 'कसक', 'कही अनकही' शामिल हैं सभी शॉर्ट फिल्मों तथा हिंदी फीचर फिल्म के ट्रेलर को काईंड फिल्म्स पर देखा जा सकता है। इस फिल्म के लिए



जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान जयप्रकाश नगर बलिया के व्यवस्थापक अशोक सिंह से मिलकर फिल्म से संबंधित विषय पर लेखक और निर्देशक ने चर्चा की। इस फिल्म की शूटिंग जौनपुर और चंदौली जिले में भी होगी। निर्देशक के अनुसार इस फिल्म के क्रिएटिव हैड अमित कोलंबकर, लाईन प्रोड्यूसर मोहन सिंह, प्रोडक्शन हैड नित्यानन्द सिंह (पत्रकार) हैं। इस फिल्म के म्युजिक डायरेक्टर अविनाश दरनाल हैं। फिल्म के निर्देशक संजय कुमार सिंह बलिया जिले के कर्ण छपरा गांव से ही हैं।

## अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने बदहाल सड़कों की मरम्मत को दिया पत्रक

**सत्यप्रकाश सिंह, दैनिक समाज जागरण**

रानीगंज (बलिया) : बैरिया विधानसभा मे बदहाल सड़कों को देखकर आप भी हैरान हो जाएंगे, वो भी तब जब प्रदेश में योगी पार्ट-2 की सरकार है। योगी पार्ट-1 के कार्यकाल में सरकार ने लोगों से गड्ढा मुक्त सड़कों को लेकर वायदा प्रदेश की जनता से किया था।

जनता ने सरकार के तमाम कार्यों की सराहना करते हुए योगी पार्ट 2 सरकार बनाई लेकिन बारिश आते ही सड़कों की बदहाल स्थिति को देखकर आप सिस्टम को कोसने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अधिकार सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश के अनुसार अन्याय, अत्याचार एवं भ्रष्टाचार की लड़ाई को लड़ने एवं विकास के लिए प्रयास करते रहने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में शनिवार को बैरिया विधानसभा के विकास के लिए बैरिया विधानसभा अध्यक्ष नित्यानन्द सिंह ने अपने विधानसभा में कई मार्गों एवं संपर्क मार्गो नवनिर्माण एवं मरम्मत करने का मुख्यमंत्री जी को ईमेल के माध्यम से अवगत कराया गया। बैरिया उपजिलाधिकारी अत्रेय मिश्रा के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार अजय सिंह को अधिकार सेना पदाधिकारियों द्वारा बैरिया कार्यालय पर पत्र दिया गया। बैरिया नगर पंचायत से भोजापुर मार्ग, बैरिया नगर पंचायत मिश्र के मठिया मार्ग, रानीगंज बाजार चौक से भीखा छपरा मार्ग, इब्राहिमाबाद आईटीआई स्कूल से शिवम कोल्ड स्टोर तक, बीबी टोला भागल नाला पुल से महाराज बाबा मार्ग होते हुए चिरैया मोड़ महाराज बाबा मंदिर से बिंद के टोला होते हुए जवाहर टोला तक,-सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से वशिष्ठ नगर होकर मानगढ़ मार्ग , रेलवे स्टेशन से दुर्जनपुर मार्ग तक, बैरिया रेवती मुख्य मार्ग से छेड़ी होकर रामपुर मार्ग, कोल नाला से लेकर दल छपरा होकर श्रीनगर, दाताहा दिमागी चट्टी से नूरपुर रेखा मार्ग का मरम्मत कार्य,मुन छपरा मार्ग से दलन छपरा रेलवे स्टेशन, श्रीनगर प्र0 स्वङ्क केंद्र से नई बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य, लालगंज से शिवपुर घाट सड़क, लालगंज शिवपुर कपूर दियर मार्ग से सतीघाट, भगवानपुर प्रा0वि0 से सावन छपरा मार्ग, दलन छपरा मार्ग भगवानपुर से रामनगर, बी टी एस बांधा दलन छपरा से रामपुर कोड़ाहरा होकर बिहार बॉर्डर, चांद दियार से यादव नगर, सोनवान समरथ पार दुधैला मार्ग से कोठारी हल्दी मार्ग तक निर्माण कार्य इत्यादि सड़कों का मरम्मत एवं नव निर्माण कार्यों के लिए उप जिला अधिकारी को पत्रक सौंपा गया जिसमें मुख्य रुप से बैरिया विधानसभा विधानसभा महासचिव,संगठन मंत्री चंद्रशेखर तिवारी, बैरिया ब्लॉक अध्यक्ष श्रीराम भारती, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रकांत सिंह, प्रेम शंकर तिवारी, सुभाष राम ,संतोष उर्फ पप्पू राम इत्यादि उपस्थित रहे नायब तहसीलदार अजय सिंह ने आश्वासन दिया की इस पत्र को उच्च अधिकारियों तक भेजने का काम कर जनहित के मुद्दों को अवगत कराया जाएगा।

## शास्त्री और आचार्य के 43 छात्रों को मिला स्मार्ट फोन व टैबलेट

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : जुबली संस्कृत कॉलेज बलिया में उ.प्र. सरकार के स्मार्टफोन/टेबलेट योजना के तदनरुप , महाविद्यालय में शास्त्री एवं आचार्य के छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ उप-जिलाधिकारी सीमा पाण्डेय , तहसीलदार श्रवण कुमार राठौर एवं प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती पर दीप प्रज्वलित करके किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य सिद्धार्थ शंकर ओझा ने संस्कृत एवं टेक्नोलॉजी को एक करते हुए विकास की बात कही। उपजिलाधिकारी ने कहा कि संस्कृत भाषा बहुत पुराने समय से अमल में चली आ रही है, आज के इस आधुनिक युग में भी संस्कृत साहित्य आपका विषय हैं, ये बहुत खुशी की बात है। संस्कृत मंत्रोच्चार के साथ सरस्वती वंदना बहुत ही अच्छा लगा।मुझे यहां आकर बहुत ही खुशी हुई, मैं भी संस्कृत की विधार्थी रही हूं , मैं नागा जी सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़ी हूं, उन्होंने सभी छात्र/छात्राओं को हार्दिक शुभकामना के साथ बधाई दी। तहसीलदार द्वारा टैबलेट एवं मोबाइल वितरित करते हुए छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तथा सभी छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कुल 32 छात्रों को टैबलेट एवं 11 छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रास सोसायटी बलिया के जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीयूष उपाध्याय, अनुज कुमार पाण्डेय, संजय पाण्डेय ने भी छात्रों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## चंद्रबदन मिश्र बने विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के जिलाध्यक्ष

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदीप दुबे द्वारा चंद्रबदन मिश्र (सीबी मिश्र) निवासी बैरिया को विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ का बलिया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। मनोनयन के बाद से ही शुभेक्षुओं का श्री मिश्र के यहां लगा तांता लगा हुआ है। शुभकामना संदेश मिल रहे हैं।



इस अवसर पर मुख्य रूप से राजीव उपाध्याय, सचितानंद तिवारी, पीयूष मिश्र, हर्ष कुमार चौबे, रामेश्वर तिवारी"पगड़ी बाबा", वीसी पांडेय, केपी मिश्र, ललक तिवारी, रजनीकांत तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, रंजीत पाठक, रंजीत तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, राजू मिश्र, अजय मिश्र, सर्वजीत दुबे, भोला दुबे सहित भारी संख्या में शुभचिंतक श्री मिश्र के बैरिया आवास शिवानन्द सदन बैरिया पहुंच उन्हें बधाई दी। श्री मिश्र ने कहा कि ब्राह्मणों की समस्याओं, उनके दुख दर्द में सहायक होने का काम यह संगठन ततपरता के साथ करेगा जिसके लिए ब्लॉक अध्यक्षों, तहसील प्रभारी, विधान सभा प्रभारियों की नियुक्ति अति शीघ्र कर पूरी टीम का गठन किया जाएगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सुरहाताल में किया मानवाधिकार दिवस का आयोजन

**अवधेश पांडेय गुड्डू, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेंद्र कुमार पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन सुरहाताल में किया गया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के तत्वधान में मानवाधिकार दिवस का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश सचिव नरेंद्र पाल राणा के अध्यक्षता में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन, सुरहा ताल बसंतपुर बलिया में किया गया। नरेंद्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव द्वारा शिविर में उपस्थित समस्त छात्र- छात्राओं एवं आमजन को नागरिकों के मौलिक अधिकार, समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वतंत्रता के अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही नागरिकों को अधिकारों के साथ-साथ मूल कर्तव्यों का पालन करने की भी अपील की गई। उक्त कार्यक्रम का संचालन मो0 मुमताज जिला प्रोबेशन अधिकारी बलिया द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर छात्र-छात्राएं कर्मचारी गण अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 30 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व पिकप वाहन संग एक गिरफ्तार

**-बैरिया पुलिस को सफलता**

**-चालक के पास पुलिस को मिला अवैध तमंचा और कारतूस भी**

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : शराब तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को बैरिया पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 30 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ चालक को कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

क्षेत्राधिकारी उस्मान ने बताया कि बैरिया पुलिस क्षेत्र भ्रमण कर अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच जरिये सूचना मिली कि टाटा की मैजिक से गाड़ी तस्कर शराब को बिहार ले जा रहे हैं। पुलिस ने चिरैयामोड के पास वाहन चेकिंग किया जाने लगा। इसी बीच मैजिक गाड़ी जिसका न0 UP-54, एटी 2768 सामने से आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी रोकने का इशारा किया तो



ड्राइवर गाड़ी रोक कर भागना चाहा जिसे पुलिस ने दौड़ा कर गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर तलाशी ली गई तो मैजिक गाड़ी से 30 पेटी अंग्रेजी शराब एट पीएम व ऑफिसर चॉइस बरामद किया गया। ड्राइवर के पास से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुई। पुलिस ने मैजिक को सीज कर ड्राइवर को सम्बंधित धाराओं में न्यायालय चालान भेज दिया।

## अवकाश पर आए सेना के जवान का निधन, गार्ड ऑफ आनर संग अंतिम विदाई

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : दुबहर थाना क्षेत्र के रामपुर टिटिही गांव निवासी सेना के जवान गणेश ठाकुर का अंतिम संस्कार गंगा नदी के चैन छपरा गंगा घाट पर किया गया, जहां बड़े पुत्र शिवम ठाकुर ने मुखाग्नि दिया। वही, सूबेदार कुंवर पाल सिंह ने जवान की पत्नी पूनम ठाकुर को सैनिक की वर्दी देकर नम आंखों से सैल्यूट किया। साथ उनके बड़े भाई गुप्तेश्वर ठाकुर को तिरंगा देकर जवान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय का नारा लगाया।

सेना के जवान गणेश ठाकुर (38) पुत्र स्व. लक्ष्मण ठाकुर 114 इन्फेंट्री बटालियन प्रादेशिक सेना जाट रेजीमेंट शिलांग में तैनात थे। 5 दिसंबर को अपने यूनिट से छुट्टी लेकर वे अपने पैतृक गांव रामपुर टिटिही आए हुए थे। शुक्रवार की सुबह सेना के जवान गणेश ठाकुर ने अपने परिजनों को सीने में दर्द होने की बात बताई। तत्काल घर के लोगों नें उन्हें जिला चिकित्सालय



पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी सांसे थम गयी। उनके निधन की खबर जैसे ही गांव पहुंची पत्नी पूनम ठाकुर तथा दोनों पुत्र शिवम ठाकुर तथा सत्यम ठाकुर का रो-रो कर बुरा हाल था। उनके दोनों बड़े भाई गुप्तेश्वर ठाकुर तथा भानु ठाकुर गांव पर ही रहते हैं। उनके बटालियन में निधन की खबर दी गई तो सेना के अधिकारियों ने जिला अस्पताल में तैनात पुलिसकर्मियों से कहकर पोस्टमार्टम करवाया।शनिवार को वाराणसी व फतेहगढ़ से आए यूनिट के जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ तिरंगा ओढ़ाकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सेना के जवानों में सुबेदार कुंवर पाल सिंह, नायब सूबेदार गौतम बहादुर, नायक संदीप कुमार, नायक जितेन छत्रिय, नायक राजकुमार यादव ने जवान के पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाकर पुष्प चक्र अर्पित किया। इस मौके पर स्थानी थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, विमलेश कुमार, राम सिंह, लाल बहादुर, आशीष पांडे, सुरेंद्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पप्पू सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख मृत्युंजय तिवारी, ग्राम प्रधान मुन्नी देवी, समाजसेवी पप्पू सिंह, राहुल सिंह,रोहित सिंह, साधु यादव, मुन्ना राम, दिलीप कुमार, मुन्ना सिंह, चांदमूनी ठाकुर, आदि ग्रामीणों ने सैनिक की पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया।

## सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सायरा बानो को घोषित किया सिकंदरपुर से उम्मीदवार

**-कार्यकर्ता सम्मान समारोह**

**-सुभासपा अध्यक्ष पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बतौर मुख्य अतिथि किया सहभाग**

**-पाटीकी जन जन तक पहुंचाने वाले कार्यकताओं को अध्यक्ष ने किया किया गया सम्मानित**

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : नगर पंचायत सिकंदरपुर के बडढा मोहल्ला स्थित दरगाह के मैदान में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के तत्वाधान में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने अपने पार्टी के कारवां को आगे बढ़ाने तथा दिन-रात पार्टी के लिए कार्य करने वाले कर्मठ कार्यकताओं का सम्मान किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कार्यकताओं को नगर पंचायत चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों को मजबूती से लड़ाने व परिणाम अपने पक्ष में लाने की अपील किया। कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी की



रीढ़ की हड्डी होते हैं। अपने कार्यकताओं की बदौलत ही आज सड़क से सदन तक गरीब, वंचित शोषित वर्ग की आवाज बेबाक तरीके से उठाने का हिम्मत मुझमे है।

हमारी मुख्य लड़ाई इस देश मे गरीबों को मुफ्त में इलाज हो। वही एक समान शिक्षा एवं अनिवार्य शिक्षा लागू कराने की लड़ाई हमारी मुख्य मांगों में शामिल है। आज पूरा प्रदेश बिजली के बिल से परेशान हैं मीटर की समस्या से आज सभी लोग जूझ रहे है। वही सत्ता में आने पर उत्तर प्रदेश में घरेलू बिजली के बिल को माफ करने की बात कही आज जब बड़े-बड़े उद्योगपतियों का बिल माफ हो सकता है तो घरेलू बिजली का बिल माफ क्यों नहीं हो सकता है। आज बेरोजगारी देश में सबसे बड़ी समस्या के रूप में सबके सामने है। जिसको कम करने के लिय कक्षा चार से तकनीकी शिक्षा देश में लागू किया जाए। जब बच्चा प्राइमरी स्तर से तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई करेगा तो आगे की पढ़ाई में किसी एक विषय में महारत हासिल कर लेगा जिससे उसको अपने और अपने परिवार के भरण-पोषण में बहुत बड़ा सहयोग मिलेगा। जब तक तकनीकी शिक्षा इस देश में लागू नहीं होगा तब तक रोजगार की कमी रहेगी। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सिकंदरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिये सायरा बानो पत्नी शेख अली अहमद उर्फ संजय भाई को पार्टी की तरफ से अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक संजय भाई ने नेताजी के साथ सभी उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुग्रीव राजभर व संचालन प्रदेश प्रमुख महासचिव रजनीश श्रीवास्तव ने किया।

## पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने मां कष्टहरणी धाम में किया दर्शन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर स्थित मां कष्टहरणी धाम में शनिवार को पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने दर्शन पूजन किया। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह जब भी इधर आते हैं तो मां कष्टहरणी के दरबार में अपनी हाजिरी अवश्य लगाते हैं।ओपी सिंह ने पूजन के बाद मां कष्टहरणी को शीत काल के मौसम में गर्म शाल खुद अपने हाथ से समर्पित किया।

पूजन मां कष्टहरणी धाम के पुजारी राजकुमार पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया गया। पूजनोपरांत पुजारी के द्वारा ओमप्रकाश सिंह एवं उनके साथ उपस्थित लोगों को मां की चुनरी और प्रसाद भेंट किया।इस मौके पर किशुनदेव उपाध्याय,विकास राय पत्रकार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह पहुंचे लड्डूडीह जताया शोक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के प्रमुख समाजसेवी अरविन्द राय अभियंता की मां शारदा देवी के निधन पर उनके पैतृक गांव लड्डूडीह में शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा है। शनिवार को लोगों ने पहुंच कर शारदा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लोगों ने राजेश राय पप्पू से मिल कर उनकी मां शारदा देवी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया। शनिवार को पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने लड्डूडीह पहुंच कर शारदा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राजेश राय पप्पू, अरविन्द राय, नरेन्द्र नाथ राय से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया। शनिवार को अजीत कुमार सिंह वाराणसी, झाबर सिंह ज़िला पंचायत सदस्य रामसगर यादव,अमित ठाकुर, श्यमनारायण यादव प्रधान, विवेक राय प्रधान नगसर, मनोज राय अवथहि,विनोद राय सोनवानी,राजेश राय पिंटू,बब्लू राय,राजेश राय देवराज सिंह ठाकुर,संजय सिंह, डाक्टर विरेन्द्र यादव बिधायक जंगीपुर, रविन्द्र यादव, रामधारी यादव पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक गाजीपुर, विनोद राय गुड्डू, पूर्व एम एल सी विजय यादव, रामधारी सिंह यादव पूर्व सपा जिलाध्यक्ष गाजीपुर,दीपक सिंह प्रधान,जवाहिर राय,हीरा यादव प्रमुख सैदपुर,बिनोद राय गुड्डू, ब्रजभूषण राय चुन्ना,श्याम बहादुर राय, कमलेश राय शर्मा धीरेन्द्र राय, सन्तोष राय,नन्हे राय समेत अन्य लोगों ने पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया। अरविन्द राय अभियंता ने बताया की श्राद्ध भोज एवं श्रद्धांजली का कार्यक्रम सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर में 15 दिसम्बर गुरूवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम के लिए कालेज पर तैयारी चल रही है। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए हर्ष राय, हिमांशु,राय, पौरूष राय एवं अन्य सहयोगी लगे हैं।

## नाजायज देशी शराब के साथ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के रमन का पोखरा सलारपुर के समीप शनिवार को अपराह्न एक युवक को 80 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार युवक जयप्रकाश राम उर्फ बगेदन इसी थाना क्षेत्र के पलियां बुजुर्ग गांव का रहने वाला है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि थाने के एस आई रवि प्रकाश एवं कृष्णकांत दुबे अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक रमन का पोखरा सलारपुर के पास नाजायत देसी शराब लेकर जा रहा है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर एक बोरी में रखा 80 सीसी नाजायज देशी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र राय ने बताया वज्ह काफी पूर्व से ही शराब तस्करी में लिप्त था ।

## जीएसटी विभाग की टीम के डर से बाजार में लटके ताले

# जीएसटी विभाग की टीम बढ़ापुर पहुंचने की अफवाह से व्यापारियों में मची अफरा-तफरी दुकानों पर लटके ताले

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बढ़ापुर** ।आपको बता दें मामला जनपद बिजनौर के बढ़ापुर का जहां पर जीएसटी विभाग की टीम पहुंचने की अफवाह सेअचानक बाजार में आग की तरह फैल गई जिससे व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर ताले लटकने शुरू हो गए बताते चलें जनपद बिजनौर के कई शहरों कस्बों में पिछले कई दिनों से जीएसटी विभाग की टीम ने आतंक मचा के रखा है जिससे बिजनौर सदर विधायक सूचि चौधरी भी विरोध प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ चुकी है साथ ही साथ नजीबाबाद, धामपुर जैसे शहरों में छोटे-छोटे ठेला व्यापारियों के भी जीएसटी विभाग के द्वारा चालान काटे गए तो वहीं शनिवार को लगभग 3 बजे बढ़ापुर में जीएसटी विभाग की टीम पहुंचने की अफवाह से व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और बाजारों में ताले लटकने शुरू हो गए जिससे व्यापारियों के नुकसान के साथ-साथ व्यापार पर भी इसका बुरा असर देखने को मिला है।।।



# अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का चाबुक:भूमाफियाओं ने तालाब पर कर लिया था अवैध कब्जा, नायाब तहसीलदार ने की कार्रवाई

*

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर, अफजलगढ़ के क्षेत्र भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने सख्त तेवर अपना रखा हैं। तहसील प्रशासन को मिली शिकायत के बाद हरकत में आए नायाब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण को गिरवाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लाक के ग्राम मानियावाला उत्तर की ओर स्थित ग्राम पंचायतों के दो तालाबों पर गफ्फार अन्सारी ने लगभग पैतीस वर्षों से मछली पालन हेतू लीज पर ले रखा है जिसपर उसने दोनों तालाबों के बीच आवास बना रखा है गफ्फार अन्सारी के कब्जे को लेकर वर्षों से इन तालाबों पर विवाद चलाआ रहा है शुक्रवार को गफ्फार अंसारी ने तालाब पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे तहसीलदार ,नायब तहसीलदार तथा हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर जांच उपरांत निर्माण को अवैध करार देते हुए तुरंत ही निर्माण को गिरवा दिया। इस मौके पर नायाब तहसीलदार अंजय कुमार ने कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत या सरकारी संपत्ति पर अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर तहसीलदार गोपेश तिवारी, नायब तहसीलदार अजय कुमार, हल्का लेखपाल अवधेश कुमार चौहान, लेखपाल बृजमोहन सिंह, लेखपाल ऋषि पाल सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे।



# मानवाधिकार दिवस पर कोतवाली में दिलाई गई शपथ मानवाधिकारों की सदैव रक्षा करे आर पी सिंह

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ शनिवार को कोतवाली में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। उन्होंने मानवाधिकारों की सदैव रक्षा और उनके मूल्यों को संरक्षित कर चलने के लिए शपथ दिलाई। सभी पुलिसकर्मियों ने हाथ उठाते हुए यह शपथ ली। उन्होंने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है उन्होंने कहा कि मानवाधिकार संविधान में निहित है मानवाधिकार दिवस का उद्देश्य समानता, शान्ति, न्याय, स्वतंत्रता और मानव गारिम की सुरक्षा को बढ़ावा देना प्रत्येक व्यक्ति जाति, रंग, धर्म, लिंग भाषा या सामाजिक स्थिति के भिन्न होने के बावजूद मानवाधिकारों का हकदार हैं उन्होंने कहा कि मानवाधिकार में मुख्यत जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार तथा काम एवं शिक्षा अधिकारी शामिल हैं क्राइम इंस्पेक्टर आर पी सिंह सहित पुलिसकर्मियों ने ली शपथ मैं एतद्वारा दृढ़तापूर्वक प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं भारतीय संविधान एवं विभिन्न अंतराराष्ट्रीय अनुबन्धों द्वारा भारत में अंगीकृत एवं लागू समस्त मानवाधिकार के संरक्षण के प्रति सत्यनिष्ठा एवं वफादार रहूंगा/रहूंगी मैं मानवाधिकार की सुरक्षा हेतु अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करूंगा/करूंगी मैं बिना किसी पक्षपात के मानवाधिकार का सम्मान एवं सभी के आत्म सम्मान का आदर करूंगा/ करूंगी मैं अपने शब्दों, दस्तावेज या विचारो द्वारा परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से किसी के मानवाधिकार उल्लंघन नहीं करूंगा/करूंगी मैं मानवाधिकार के विकास एवं सुरक्षा हेतु सदैव कर्तव्यबद्ध रहूंगा रहूंगी पूर्व रूप राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया इस अवसर पर इंस्पेक्टर आरपी सिंह कस्बा इंचार्ज एस आई अमित सिंह, जीत सिंह ,कांस्टेबल सुनील कुमार राहुल कुमार,ओम सिंह ,विजय तोमर विकास बाबू सचिन कुमार सहित महिला पुलिसकर्मी आदि मौजूद रहे



# गहनता पूर्वक सुनी फरियादियों की समस्याएं शीघ्र निस्तारण का दिलाया भरोसा

**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें फरियादियों द्वारा कुल 8 शिकायतें दर्ज कराई ।आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर वहां मौजूद फरियादियों की शिकायतो को गहनता से सुना वही 3 शिकायत का हाथों-हाथ निस्तारण कराया गया ।अन्य भूमि संबंधित शिकायत निस्तारण के लिए वहां मौजूद संबंधित लेखपाल को जांच सौंपी गई उधर क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह ने बताया कि समाधान दिवस का मतलब है। लोगों की समस्याओं का समाधान करना ऐसे में समाधान दिवस में जो भी समस्याएं आती हैं उनका हाथों-हाथ निस्तारण कराने का प्रयास करते हैं। इस मौके क्राइम इंस्पेक्टरआरपी सिंह ,एसआई जीत सिंह एसआई , कस्बा इंचार्ज अमित सिंह राजस्व विभाग में सतीश प्रकाश, सिंह,शीशराम सिंह,रोहिताश चौहान,जितेन्द्र प्रताप सिंह,अनुरूद्ध,गौरव चौहान,कश्मीर सिंह राणा, पप्पू शाह, नगेन्द्र सिंह,आसाराम सिंह,सौरभ चौहान तथा संजीव कुमार सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे



# *शिक्षा देकर अपने बच्चों के जीवन में प्रकाश लाएं ग्राम प्रधान, शाहजोत, छोटे बच्चों से काम करवाकर न करे पाप*

**ओंकार नाथ चौधरी**
**समाज जागरण**

जनपद गोंडा में ब्लॉक कटरा बाजार के ग्राम पंचायत शहजोत में श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल हिंसा, बाल शोषण के उन्मूलन हेतु जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन संस्कार संस्था कानपुर द्वारा कार्यक्रम सपनो की उड़ान के अन्तर्गत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के द्वारा ग्राम चाईपुरवा, अचलापुरवा पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों का डोर टू डोर सर्वे किया गया। सर्वे में आगनवाड़ी कार्यकत्री पुष्पा, शिव कुमारी, अंजली आशा कुसुम, अनीता, सरिता देवी प्रधानाध्यापक रविन्द्र दुबे का सहयोग लिया गया। सर्वेक्षण में टीआरपी ने बच्चों के परिवारों के साथ समन्वय करते हुए उनको बच्चों को रोज स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में धनी राम ग्राम प्रधान शाहजोत ने बच्चों की शिक्षा पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा अपने बच्चों को सभी लोग नियमित रूप से विद्यालय पढ़ने के लिए भेजे। बच्चों से काम करवाना गलत है। उन्होंने बताया की नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हम लोगों ने जाना है बाल श्रम और बाल विवाह से बच्चों और उनके परिवार पर क्या नुकसान हो सीखता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त बनाने का प्रयास करेंगे। उनके द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम, श्रम विभाग व यूनिसेफ को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम न करवाने की और उनको शिक्षा देने की अपील की।

शकुंतला पांडेय बीट कांस्टेबल थाना कटरा बाजार ने बाल से काम न करवाने, कम उम्र में शादी करवाने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा यदि कोई व्यक्ति किसी भी लड़की की 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करता है तो उसको जुमार्ना व जेल दोनो हो सकती है। उन्होंने बाल श्रम निषेध दिवस पर अपनी बात रखी। उन्होंने 1098, 1090 और 112 हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। रविंद्र दुबे प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय, चाईपुरवा ने श्रम विभाग, यूनिसेफ, संस्कार संस्था को इस कार्यक्रम के धन्यवाद दिया, उन्होंने सभी गांववासियों ने निवेदन किया की सभी लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल पढ़ने के लिए भेजे। लड़के और लड़कियों में समान व्यवहार करे। जीशान अंसारी टीआरपी नया सवेरा ने बाल श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों से काम करवाने वाले लोगों को 20000 से 50000 रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। 18 वर्ष से काम आयु के बच्चों से खतरनाक प्रक्रिया में काम करवाना प्रतिबंधित है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन व बाल विवाह उन्मूलन पर प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमे समुदाय के लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम व उससे होने वाले दुष्प्रभाव, स्कूल चलो के बारे के विस्तार से जानकारी दी गई। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नूर जहां ने बालिकाओं की शिक्षा, उनके साथ किसी भी

# करोड़ों रुपए की लागत से बने फ्लाईओवर पर विद्युत व्यवस्था ठप,आरटीआई कार्यकर्ता ने पीएम ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए फ्लाईओवर पर विद्युत व्यवस्था ना होने की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय को की गई है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी एक शिकायत में बताया कि पूर्व में उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा रायपुर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग संख्या 481 पर करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था परंतु वर्तमान में यह फ्लाई ओवर ब्रिज विद्युत व्यवस्था ना होने से रात्रि के समय अंधेरे में डूबा रहता है और जब से फ्लाई ओवर ब्रिज को सार्वजनिक उपयोग के लिए खोला गया है, तब से वहां लगे लैंप पोस्ट पर रोशनी नहीं हो पाई है। इस कारण आने जाने वाले लोगों को रात में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा जंगली जानवर भी कभी-कभी फ्लाईओवर पर आ जाते हैं और कोहरे के समय तो स्थिति काफी दयनीय हो जाती है आरटीआई कार्यकर्ता ने उत्तर प्रदेश सेतु निगम से उच्च क्षमता की विद्युत लाइटें उक्त सिलाई और पर लगाए जाने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके और उनका आवागमन सुरक्षित हो सके



# एसपी ने चौकीदारों को गर्म जैकेट की वितरित

**नहटौर से रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नहटौर। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने थाना दिवस में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर चौकीदारों को गरम जैकेट वितरित की और थाना दिवस में आए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया।

मालूम हो कि प्रत्येक महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को प्रत्येक थाने में थाना दिवस आयोजित किया जाता है। आज थाना दिवस के अवसर पर नहटौर थाने में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह पहुंचे पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप चौकीदार नहीं आप ग्राम पुलिस अधिकारी है आप अपनी जिम्मेदारी को समझी आप एक जिम्मेदार नागरिक है उन्होंने कहा ग्रामों में नशा बेचने वाले नशा करने वाले वे अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगाह रखे और उनकी सूचना दें इस तरह की सूचना देने पर आपको ₹2000 का इनाम दिया जाएगा।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने करीब 38 ग्राम पुलिस अधिकारीयों को गर्म जैकेट वितरित की और थाना दिवस में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों से संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर कोतवाल पंकज तोमर, सीओ धामपुर इन्दु सिद्धार्थ सहित राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# पुलिस क्षेत्र अधिकारी इंदू सिद्धार्थ ने कोतवाली परिसर में सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

**मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

धामपुर। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीमती इंदु सिद्धार्थ ने कोतवाली परिसर में सभी समस्त पुलिस स्टाफ एवं नागरिकों को सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराई गई जिसमें प्रतिज्ञा करते हुए हैं कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं वह पीछे बैठे व्यक्ति को बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगे वेतन आएंगे चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाएंगे गलत दिशा में वाहन नहीं चलाएंगे वहां चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएंगे सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु करेंगे इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक माधो सिंह बिष्ट वे इंस्पेक्टर क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद सईद सभी समस्त पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।



# गुजरात व रामपुर मे भारतीय जनता पार्टी की जीत का परचम लहराने पर वसीम कुरेशी के कार्यालय पर जश्न मनाया गया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत आने व उत्तर प्रदेश के रामपुर में ऐतिहासिक जीत होने पर पूरे देश मे जशन का माहौल है। नजीबाबाद में भारतीय जनता के कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के पालोमल कालोनी स्थित उनके कैम्प कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे की मिठाई खिला कर बधाई दी। इस अवसर पर हाजी यूनुस कुरैशी, कलवा शेख मंसूरी, प्रदीप डेजी, मास्टर मोहम्मद असलम, जितेंद्र जैन, हाजी युनुस, राजू मिश्रा, तरनजीत सिंह, सरफराज कुरैशी, बाबू कबाड़ी, सुरेन्द्र प्रजापति, जुनैद आदि लोग मौजूद रहे।



# समाजसेवी सपा नेता सलमान अंसारी ने डिंपल यादव की जीत की खुशी में मिठाई बांटकर खुशी मनाई

**मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

धामपुर। समाजसेवी सपा के युवा नेता सलमान अंसारी ने मैनपुरी लोक सभा सीट पर उपचुनाव में सपा उम्मीदवार डिंपल यादव की जीत पर सपाइयों मैं मिठाई वितरित कर एक दूसरे को बधाई दी।

मैनपुरी की मतगणना के परिणाम आते ही धामपुर नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद के संभावित समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सलमान अंसारी ने अपने आवास पर डिंपल यादव की ऐतिहासिक जीत की खुशी में मिठाई बाटी इसके बाद सलमान अंसारी सपा कार्यकताओं के साथ पूर्व विधायक नईम उल हसन के आवास पर सेहरा पहुंचे जहां पर उन्होंने पार्टी नेताओं एवं समर्थकों के साथ जीत की खुशी मनाई इस अवसर पर पूर्व विधायक हाजी नईम उल हसन ने कहा कि सपा की यह जीत भाजपा के कुशासन के अंत का आगाज है। उन्होंने कहा है कि मैनपुरी का उप चुनाव नेताजी को श्रद्धां एवं संविधान की रक्षा का चुनाव है इसलिए मतदाताओं ने डिंपल यादव को बंपर समर्थन दिया। समाजवादी पार्टी के पालिका अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी सलमान अंसारी ने कहा है कि 2024 में भाजपा केंद्र की सत्ता से बाहर होने वाली है उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी और मजबूत होगी। उपचुनाव में मैनपुरी की शानदार जीत 2024 का संकेत है उन्होंने कहा है कि मैनपुरी के हर वर्ग धर्म जाति के लोगों ने सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के पक्ष में मतदान करके भाजपा के सांप्रदायिक एवं विघटनकारी मंसूबे को ध्वस्त करने का काम किया है। इस अवसर पर सलमान अंसारी शमशाद अहमद शहजाद अहमद मजा अंसारी इमरान खान शमशुल अरब नवाब अहमद मुस्तकीम कस्सार सलीम अंसारी फहीम कस्सार, दिलशाद अहमद अहमद आदि उपस्थित रहे।



# चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर सहित दो मोटरसाइकिल की बरामद

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर मिली जानकारी के अनुसार थाना मंडावर पुलिस द्वारा एट शातिर चोर को चोरी के ट्रैक्टर, 02 चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ प्रवीण रंजन सिंह ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा किया पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर द्वारा अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मण्डावर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान ग्राम ब्रहमपुरी गंगा नदी के किनारे एक संदिग्ध ट्रैक्टर व दो मोटरसाइकिल आते दिखी जब पुलिस टीमों द्वारा उनको रोकने का प्रयास किया तो दो अलग-अलग मोटरसाइकिल पर सवार दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ट्रैक्टर सवार सुमित उर्फ छंगा पुत्र नेत्रपाल को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पूछने पर उपरोक्त तीनों वाहन चोरी के होने बताए। जिसके संबंध में थाना मण्डावर पर संबंधित धाराओं में सुमित उर्फ छंगा, सुंदर उर्फ सोनू व नीरज पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त सुमित उर्फ छंगा ने पूछताछ में बताया कि मौके से फरार हुए उसके दोनों साथी सुन्दर उर्फ सोनू व नीरज निवासी ग्राम गोविन्द गढ़ उर्फ मीरपुर थाना पथरी जिला हरिद्वार

# एक्शनएड द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में किशोरी शशक्तिकरण कार्यशाला सम्पन्न

जनपद श्रावस्ती एक्शनएड यूनिसेफ द्वारा संचालित नई पहल शिक्षा परियोजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास खण्ड इकौना के कम्पोजिट विद्यालय भीटी में किया गया कार्यक्रम में नई पहल शिक्षा परियोजना के तारिक अहमद ने इस कार्यशाला की शुरूआत में सभी से परिचय , वन्दना और गीत के साथ कराया उसके बाद सभी कार्यशाला के उद्देश्य व अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार के बारे में बताया उसके पश्चात जिला समन्वयक गुलिस्तां आरा ने किशोरियों को मौलिक अधिकार एवं बाल अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्होंने शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 6 से 14 साल तक के बच्चों का शिक्षा पाना मौलिक अधिकार है तथा उन्होंने बेटियों को उच्च शिक्षा पाकर सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया तथा संवैधानिक मौलिक अधिकार एवं संवैधानिक मौलिक कर्तव्यों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी । प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक तारिक अहमद जी ने बेटियों को सशक्त बनने के लिए शिक्षा पाकर आत्मनिर्भर बनने को प्रेरित किया। साथ ही किशोरियों को ताना बाना एक्टीविटी के माध्यम से सभी को ग्राम बाल संरक्षण समिति व विद्यालय प्रबंधन समिति को मजबूत व सशक्त बनाने के विषय मे बताया हेल्पलाइन नंबर 1098पर काल कर अपनी सहायता की मांग कर बाल विवाह, बाल श्रम, के खिलाफ 1098 केस की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में 80 किशोरियां ,जिला समवंयक गुलिस्ता आरा, दिनेश कुमार ,तारिक अहमद,प्रधानाध्यापक लाल जी पाठक , शशि जी,संजय जी,अनुपमा जी , किशोरी सखी रम्भा ,सरिता,स्नेहलता,विटाना,के साथ प्रेरक प्रदीप आदि उपस्थित रहे ।



# मनीष मिश्रा ने लोवर पीसीएस में चयनित होकर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी**

बाजार शुकुल अमेठी। विकासक्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा विशंभर पट्टी निवासी राम प्रसाद मिश्रा के छोटे सुपुत्र मनीष मिश्रा ने लोवर पीसीएस 2019 की परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव,जी हां जैसा कि आप सभी को बता दें कि अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2019 की परीक्षा को पास कर मनीष मिश्रा ने लोवर पीसीएस मार्केटिंग इंस्पेक्टर में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है,वही उनके इस सफलता पर घर परिवार,इष्ट मित्रों सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों में खुशी की लहर है,किसी ने दूरभाष के माध्यम से,किसी ने व्हाट्सएप के माध्यम से तो किसी ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी,उनके इस सफलता प्राप्ति के लिए उनके आवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है,वही जनपद के बहुचर्चित समाजसेवी पी के तिवारी ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें उनके उत्कृष्ट सफलता हेतु अंगवस्त्र पहनाकर व श्री राधा कृष्ण जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

मनीष मिश्रा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरी इस सफलता का श्रेय मेरे माता पिता,बड़े भाई, परिवारीजन सहित सभी इष्ट मित्रों को है जिनके सहयोग से मुझे इतनी बड़ी सफलता हासिल हुई है।साथ ही उक्त अवसर पर मुकेश मिश्रा, श्रवण मिश्रा,विनय सिंह,सौरभ पाण्डेय,शिवांशु मिश्रा पत्रकार,अनिल सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# श्रम विभाग और यूनिसेफ के सहयोग से बालश्रम पर किया गया जागरूकता अभियान का आयोजन

**ओंकार नाथ चौधरी जनपद श्रावस्ती** माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्य नाथ जी के मंशानुसार प्रदेश को अगले पांच वर्षो में बालश्रम मुक्त करने के उद्देश्य से श्रम विभाग और यूनिसेफ के सहयोग से जनपद श्रावस्ती में दिनांक 25-11-2022 से जन जागरूकता का अभियान चलाया




जा रहा है। उक्त के क्रम में आज दिनांक 09-12-2022, को विकास खंड इकौना के ग्राम पंचायत चक्र भंडार में संस्कार संस्था के सदस्यों के द्वारा अभियान चला कर लोगो को जागरूक किया गया। संस्था के सदस्यों के द्वारा घर-घर जा कर सर्वे कर यह जानने का प्रयास किया गया कि ऐसे कितने बच्चे है जो नियमित रूप से विद्यालय नही जाते है या ऐसे कितने बच्चे है जिनका विद्यालय में नामंकन नही है या ऐसे कितने बच्चे है जो कहीं ना कहीं बाल मजदूरी करने को विवश है। संस्था के सदस्यों द्वारा संबंधित विदायलयों पर भी जा कर यह जानने का प्रयास किया गया कि ऐसे कितने बच्चे है जो नियमित विद्यालय नही आते है।

ग्राम प्रधान चक भंडार के सहयोग से संस्था के सदस्यों के द्वारा बालश्रम और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगो को बालश्रम और बाल विवाह के दुष्प्रभावों से अवगत कराने का प्रयास किया गया। अभियान के दौरान टी आर पी नया सवेरा, श्री मनोज तिवारी और नौसाद जी ने लोगो को बालश्रम के दुष्प्रभावों के विषय मे जानकारी दी गयी। श्री मनोज तिवारी ने बताया कि बाल श्रम बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास में बहुत बड़ा बाधक होता है जिससे आगे चलकर बच्चे का विकास रुक जाता है और वह पूरी जिंदगी गरीबी के दुष्चक्र से बाहर नही निकल पाता है। प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय चक्र भंडार श्री विपिन सिंह ने अभिभावकों से अपील किया कि वो अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजे। ग्राम प्रधान ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने बच्चो से सिर्फ और सिर्फ काम ना ले उन्हें पढ़ाई करने का भरपूर अवसर प्रदान करे।

इस अभियान में ग्राम प्रधान कटरा, ग्राम प्रधान गुलहरिया राजगढ़, पंचायत सहायक चक्र भंडार, एक्शन एड से गुलिस्ता आरा और तारिक अहमद, पंचायत सचिव श्री राज किशोर जी के अलावा ग्राम पंचायत के अन्य प्रतिष्ठित लोग शामिल रहे।

# जेंडर आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए घर से ही शुरूआत करना होगा

## सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में इनिशिएटिव फाउन्डेशन द्वारा समुदाय को जागरूक करने का प्रयास सराहनीय.

लखनऊ, इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया संस्था द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर महिलाओं और लड़कियों के साथ हिंसा और लिंग आधारित भेदभाव के विरुद्ध मनाए जाने वाले 16 दिवसीय अभियान के समापन समारोह का आयोजन एमएस लान, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, बुद्धेश्वर लखनऊ में किया गया।

16 दिवसीय अभियान महिला हिंसा के विरुद्ध एक सशक्त अभियान है तथा इसके अंतर्गत स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर लोगों को जागरूक एवं संवेदनशील कर सभी के सहयोग का आह्वान करता है। जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध यह एक विश्वस्तरीय अभियान है जो 25 नवम्बर झ्ह्यमहिला हिंसा को समाप्त करने के अन्तराष्ट्रीय दिवसह्ल से 10 दिसम्बर झ ह्यअन्तराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवसह्ल तक मनाया जाता है। इस अभियान के आयोजन द्वारा जेंडर आधारित भेदभाव एवं हिंसा के प्रति लोगों को जागरूक कर, समाज में फैले सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास किया जाता है।इस अवसर पर इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया संस्था की संस्थापक सदस्य और यूथ लीडर पूजा ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था अपने आरम्भ से ही सक्रीय रूप से महिलाओं, लड़कियों के प्रति हो रहे हिंसा एवं इसके व्यक्तिगत एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में समुदाय एवं विभिन्न हितधारकों को जागरूक एवं संवेदनशील बनने के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलु हिंसा एवं जेंडर आधारित हिंसा व्यक्तिगत मामला नहीं है, इन घटनाओं के कारण घर-समाज के विभिन्न सदस्यों पर बहुत गहरा मानसिक-मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभाव पड़ता है। समाज के संतुलित विकास में महिला-पुरुष दोनों की समान भागीदारी बहुत आवश्यक है, घर-परिवार को टूटने-बिखरने से बचाने के लिए घरेलु हिंसा एवं जेंडर हिंसा



जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने की आवश्यकता है।बाल आयोग के सदस्य श्याम जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में संस्था द्वारा समुदाय को जागरूक करने का प्रयास सराहनीय हैं, हमें अपने घर-परिवार से ही जेंडर समानता को प्रोत्साहित करने का प्रयास करना होगा, विशेषकर माता-पिता एवं अभिभावकों को अपने लड़के-लड़की के प्रति समान व्यवहार अपनाना होगा। उनके समान शिक्षा, पोषण को सुनिश्चित कराकर समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास आवश्यक है।वन स्टाप सेंटर के रजनी श्रीवास्तव और मिताली अवस्थी ने लिंग आधारित भेदभाव एवं हिंसा की व्यापकता एवं भयावहता के बारे में बताते हुए कहा की दुनिया की हर लड़कियों-महिलओं को उनके जीवन-काल में कई बार यौन हिंसा और भेदभाव का सामना करना पड़ता हैं जो बहुत दयनीय है।सालसा की संगीता जी ने कहा की समाज में व्याप्त घरेलु हिंसा को समाप्त करने के लिए सभी के योगदान की महता बताई।

इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया संस्था लखनऊ, उन्नाव, हरदोई सहित यूपी के अन्य जनपद के विभिन्न गांवों-बस्तियों में घरेलु हिंसा एवं जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए ठोस रणनीति के तहत अलग-अलग तरह के कार्यक्रम का आयोजन करती है, संस्था के द्वारा महिला, पुरुष, किशोर, किशोरी, आदि के साथ अलग-अलग मंचों पर इस मुद्दे के प्रति जागरूकता बनाने की कार्य करती है। सामुदायिक स्तर पर बैठकों, उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन कर संस्था स्थानीय स्तर लोगों को जागरूक बनाने का कार्य करती है, नेटवर्क संस्थाओं के सहयोग से संस्था के द्वारा कई अभियानों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है।

इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया द्वारा इस 16 दिवसीय अभियान के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों और गांवों, पंचायतों में बैठक, चर्चा, रैली, साईकिल रैली, खेल, नुक्कड़ नाटकों आदि के द्वारा सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध कराया गया। आज के 16 दिवसीय अभियान के समापन समारोह के अवसर पर राज्य बाल आयोग के सदस्य श्याम जी त्रिपाठी, रजनी श्रीवास्तव, मिताली अवस्थी वन स्टाप सेंटर, सालसा से संगीता जी, सामाजिक कार्यकर्ता पुरन मौर्या जी संस्था के निदेशक अमित, संस्थापक सदस्य और यूथ लीडर पूजा, जिला समन्वयक सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश भारती, अरविन्द, तन्नू, सपना, शिल्पी, अनिता सहित संस्था के सदस्य वालेंटियर सहित लगभग 200 युवा,किशोरी महिला,पुरुष शामिल हुए

# सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं कस्तूरबा विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को समय से हो मुहैया, इसका रखा जाए ध्यान-जिलाधिकारी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकास खण्ड सिरसिया में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अध्ययनरत छात्राओं से बात कर उनका कुशल क्षेम भी जाना। तथा उनकी अभिरूचि के अनुसार मन लगाकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को दिये जाने वाले भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रसोई घर, कार्यालय, गैलरी, छत, क्लासरूम, पूरे कैम्पस एवं छात्रावास का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। रसोई घर में गैस चूल्हा सिलेंडर के बगल नीचे रखे पाये जाने पर सुरक्षा के दृष्टिगत चूल्हे को ऊपर रखने का निर्देश। इस दौरान विद्यालय में पानी की आपूर्ति की जाने वाली मोटर खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल बनवाये जाने का निर्देश दिया। तथा छात्राओं को स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 लगा मिला, किन्तु संचालित न होने के कारण वहीं पर रखे नये आर0ओ0 को तत्काल लगवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने वार्डेन को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं समय से छात्राओं को मुहैया कराते रहने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि कस्तूरबा में जितने भी स्टाफ तैनात है, वे प्रत्येक दशा में अपने तैनाती



स्थल पर रहकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करें। यदि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कोई भी स्टाफ बिना छुट्टी स्वीकृत कराये अनुपस्थित पाया गया तो निश्चित ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बेटियों के उत्थान हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। समाज के विकास के लिए शिक्षा ही विकास की कुंजी है। इसलिए सभी छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने अभिरूचि के अनुसार मुकाम हासिल करें। गरीब बालिकाओं को निशुल्क शिक्षित करने के साथ उन्हें छात्रावास में रहने की व्यवस्था भोजन, कॉपी, किताब एवं यूनिफॉर्म भी दिया जा रहा है, ताकि बेटियां पढ़ लिखकर अपना भविष्य संवार सके। उनके उज्जवल भविष्य में शिक्षा का अधिक महत्व है, इसलिए विद्यालयों का सुव्यवस्थित ढंग से संचालन अति आवश्यक है। जिस पर सरकार विशेष बल दे रही है। सरकार द्वारा छात्र/छात्राओं की शिक्षा हेतु अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। जिससे उनकी शिक्षा में रूकावट न आ सके।

जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय कैम्पस में निमार्णाधीन छात्रावास का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। निर्माण कार्य बन्द पाये जाने पर वार्डेन ने बताया कि कार्यदायी संस्था सी0एन0डी0एस0 द्वारा छात्रावास के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के अभियंताओं ने बताया है कि बजट के अभाव में अवशेष कार्य रूका हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी ने प्रदेश सरकार को बजट हेतु मांग पत्र भेजवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, वार्डेन, अध्यापिकाएं, विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रही।

# ग्राम वासियों ने ग्राम पंचायत को बालश्रम मुक्त करने का लिया संकल्प

जनपद श्रावस्ती को बालश्रम मुक्त करने के लिए श्रम विभाग और यूनिसेफ के सहयोग से चलाये जा रहे अभियान के आज 15वे दिन विकास खंड इकौना के ग्राम पंचायत अन्धरपुरवा में संस्कार संस्था क्व द्वारा जन जागरूकता का आयोजन किया गया` आयोजन के माध्यम से लोगो के घर घर जा कर सर्वे करके यह पता लगाने का प्रास किया गया कि कितने बच्चे विद्यालय नहीं जाते है इसके साथ ही साथ लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे की बालश्रमिक विद्या योजना,मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना, श्रम विभाग की संत रविदाश शिक्षा सहायता योजना, ब्रिधा पेंशन योजना और बिधवा पेंशन योजना की भी जानकारी प्रदान की गयी` संस्था के सदस्यों क्ले द्वारा बालश्रम और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगो को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने का प्रयास किया गया` अभियान में सामिल ग्राम प्रधान ने लोगो से अपील किया की वो अपने बच्चो से कार्य ना कराये उन्हें प्रतिदिन विद्यालय भेजे` प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय अन्धरपुरवा ने बताया की बालश्रम बच्चों के विकास में बाधक है अतः जबतक बच्चों की उम्र 18 वर्ष पूरी न हो जाये उन्हें पढने का पूरा अवसर देना चाहिए तथा उन्हें प्रत्येक दिन विद्यालय जरुर भेजे` इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी लोगों ने ग्राम पंचायत को बालश्रम मुक्त करने की शपत भी लीं` अभियान में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक , आशा बहु, आंगनवाडी , यूनिसेफ से सपना और ग्राम पंचायत के अन्य प्रभावशाली लोगो ने प्रतिभाग किया`

# जमीनी विवादों को राजस्व/पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाएं-जिलाधिकारी

## थाना दिवस में आयी हर शिकायतों को सूचीबद्ध करें थानाध्यक्षगण-पुलिस अधीक्षक

श्रावस्ती, शासन के मंशानुरूप समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फजीर्वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

उक्त विचार थाना सिरसिया में आयोजित समाधान दिवस/थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुर्नवृत्ति न होने पावे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, तहसीलदार भिनगा रामप्यारे, थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण, बीट निरीक्षक, बीट कांस्टेबल सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

# साहित्य सृजन संस्थान के तत्वावधान में मानवाधिकार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

बिसवां (सीतापुर)। सामाजिक शैक्षिक साहित्यिक सरोकारों को समर्पित अखिल भारतीय संस्था "साहित्य सृजन संस्थान" के तत्वावधान में बिसवां नगर में स्थापित "सृजन पुस्तकालय" में मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर एक विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष रामपाल त्रिपाठी ने कहा कि भारत में मानवाधिकारों की चुनौतियों का समाधान तत्काल करने की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि सहदेव तिवारी ने कहा कि मीडिया और नागरिक समाज संगठनों को भी मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों को सामने लाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने कहा कि हम दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र स्थापित करने में सफल रहे हैं। लेकिन अभी तक अपने नागरिकों के अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाए हैं, जो हमारे लोकतंत्र के लिए आवश्यक पूवार्पेक्षाएं हैं।

विचारक वृंदारकनाथ मिश्र ने कहा कि जब तक मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान शासन का आधार नहीं बनता, तब



तक समाज की वास्तविक अर्थों में कोई प्रगति संभव नहीं।

शिक्षाविद राकेश शुक्ला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना एक सभ्य समाज के अस्तित्व की सबसे बुनियादी आवश्यकताएं हैं।

द्वितीय चरण में समायोजित काव्य गोष्ठी में राम कुमार रसिक ने कहा :- सच कहता तेरी यादों में खो जाता हूं मैं। थोड़ा थोड़ा तब से पागल हो जाता हूं मैं।

विजय रस्तोगी ने कहा कि काहे को तू बौराए ऐ मनवा! काहे को तू बौराए।

आमोद मिश्र ने कहा कि ध्यान सबको रहे दीप के मान का। नाश हो जग से तम और अज्ञान का।।

धर्मेंद्र त्रिपाठी धवल ने कहा कि कभी कभी मैं, कुछ शब्दों को जोड़ लेता हूं। कभी कभी मैं कुछ भावों को मोड़ लेता हूं।

रोहित तिवारी ने कहा कि यातायात के नियमों का करें हम सभी पालन। अपने और अपनों के लिए करें त्वरित नियमों का पालन ।।

संदीप यादव सरल ने कहा कि नेहे को ईंटे गारा लगो प्रेम से। तू इमारते नहीं घर बनो प्रेमे से।

कार्यक्रम का संचालन युवा कवि आमोद शुभम मिश्र ने किया और आभार प्रदर्शन इकाई प्रभारी रामकुमार रसिक ने किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता मनोज गुप्त, ज्ञानेंद्र कश्यप, रविन्द्र वर्मा, शिवांशु पाण्डेय, हीरालाल यादव, कुलदीप यादव आदि साहित्यानुरागी उपस्थित रहे।

# डंडेश्वर धाम पर जल्द प्रारंभ होगा पुल का नव निर्माण कार्य

# पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक की मेहनत लाई रंग

समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी

जगदीशपुर विकासखंड अंतर्गत कोछित डंडेश्वर धाम पर पीपा पुल का नव निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो जायेगा अपने क्षेत्र क जनता की समस्याओं के निवारण के लिए तत्पर रहने वाले पूर्व राज्मंत्री व मौजूदा विधायक सुरेश पासी के अथक प्रयास व मेहनत रंग लाई शनिवार को पुल निर्माण स्थल पर पीपा पहुंच गया है तो वहीं सुरेश पासी ने नव निर्माण स्थल पर पूजा अर्चना कर डंडेश्वर धाम बाबा पर जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया

### सुरेश पासी क्या बोले

इस पुल के बन जाने से क्षेत्रीय लोगों का आवागमन सुलभ हो जाएगा लोगों को नाव व दुर रास्तों से होकर नहीं आना जाना पड़ेगा भगवान डंडेश्वर के दर्शन के लिए गोमती उस पार से आने वाले श्रद्धालु को भी बहुत राहत मिलेगी क्षेत्र की जनता की मांग थी हमारा प्रयास



था भगवान डंडेश्वर के आशीर्वाद से प्रयास सफल रहा पीपा पुल निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा

वहीं इस सराहनीय कार्य के लिए क्षेत्र की जनता ने अपने क्षेत्रीय विधायक व पूर्व राज मंत्री सुरेश पासी की भूरी भूरी प्रशंसा और उनके कार्यों की सराहना की

# व्यापारियों की शिकायत पर राजेश मसाला ने जीएसटी अधिकारियों की मुलाकात

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज अमेठी शहर के मुंशीगंज रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर जीएसटी टीम खरीद बिक्री आदि की जाँच के लिए पहुँची जिसको लेकर बाजार के सभी व्यापारीजन दुकानें बन्द कर दी, इस बात सूचना तत्काल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश प्रभारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला को हुई ,राजेश सम्बन्धित प्रतिष्ठान पर पहुचकर वहाँ उपस्थित सभी अधिकारियों से उनका परिचय लिया एवं स्पष्ट शब्दों मे कहा कि व्यापारी का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नही होना चाहिए डराने धमकाने जैसी कोई स्थिति सामने नही आनी चाहिए जाँच करने से पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि मण्डल को सूचना अवश्य दें जवाब मे अधिकारियों ने कहा कि हमें अयोध्या मण्डल के उच्च अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित प्रतिष्ठान पर पहुँचने को लिस्ट जारी होती है उनके प्रतिष्ठान के अभिलेखों (खरीद बिक्री स्टाक टैक्स) की जाँच की रिपोर्ट तैयार कर उसी आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है राजेश मसाला ने कहा कि व्यापारियों को डरने की आवश्यकता नही है अपने प्रतिष्ठानों के अभिलेखों को दुरूस्त कर सभी दस्तावेजों की उपलब्धता के साथ निडर, निःसन्देह अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान को खोल कर व्यवसाय को करें।

# आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जनपद अमेठी को माह नवंबर 2022 में मंडल में मिला प्रथम व प्रदेश में आठवें स्थान पर।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी आईजीआरएस ए.के. सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में माह नवंबर 2022 में जनपद अमेठी को अयोध्या मंडल में प्रथम स्थान मिला है इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण में जनपद कि प्रदेश में आठवीं रैंकिंग है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि माह नवंबर 2022 में कुल 2383 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा समयांतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिसके उपरांत शासन द्वारा निर्धारित रैंकिंग में जनपद को मंडल में प्रथम व प्रदेश में आठवां स्थान मिला है। ई डिस्टिक मैनेजर ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल संबंधित अधिकारियों को भेजकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा रहा है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, जनसुनवाई तथा आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयांतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा शिकायतकर्ता को भी निस्तारण से संतुष्ट करें, जिससे शासन द्वारा शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने पर शिकायतकर्ता द्वारा नेगेटिव फीडबैक न दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण को लेकर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही हैं इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने की दशा में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# मानव तस्करी एवं बाल श्रम के विषय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस तथा दिनांक 10/12/22को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 25 नवंबर 2022 से 10 दिसंबर 2022 के मध्य 16 दिवसीय अवधि में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा भेदवाद उन्मूलन के विषय में जागरूकता बढ़ाने तथा महिलाओं के समग्र विकास तथा सशक्तिकरण के साथ-साथ महिलाओं तथा बालिकाओं के बुनियादी मानव अधिकारों के प्रति मानव तस्करी एवं बाल श्रम के विषय में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आज दिनांक 10/12/2022 को थाना एएचटीयू टीम द्वारा एवम् बीट हे0 का0 रवींद्र कुमार जयसवाल, एंटीरोमियों टीम द्वारा थाना गैडास बुजुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत आने वालें गैडास बुजुर्ग ग्राम में,



ग्राम के प्रधान, सचिव व अन्य संभ्रांत लोगों को एकत्र कर महिलाओं के विरुद्ध हिंसा,भेदभाव उन्मूलन, सशक्तिकरण और मानव अधिकारों के प्रति चौपाल लगाकर जागरूक किया गया ।

# चोरी की 13 बाईकें बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

बिसवां (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियो की धरपकड़ व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव कुमार दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में बिसवां पुलिस टीम द्वारा 13 चोरी मोटरसाइकिल व दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। कोतवाली परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव कुमार दीक्षित ने बताया कि बिसवां कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की गई 13 मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्त हिमांशु उर्फ निम्बूलाल निवासी ग्राम कौवा खेड़ा थाना बिसवां व विनोद कुमार उर्फ कालिया निवासी ग्राम भगौती पुर मजरा कौवा खेड़ा थाना कोतवाली बिसवां को उनके घर से दबिश के दौरान गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने चोरी की गई



मोटरसाइकिल मे संलिप्त होना स्वीकार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली बिसवां, सीतापुर, बाराबंकी में चोरी की वारदातों का अभियोग दर्ज है। इस सफलता में निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा, कस्बा इंचार्ज कृष्ण कुमार, हेड कांस्टेबल राम प्रताप,हेड कॉन्स्टेबल दीपक वर्मा,हेड कॉन्स्टेबल राम तीरथ यादव, कान्सटेबल पीयूष सिंह, विनय चौधरी, गौरव परिहार का योगदान रहा।

# सीएम विंडों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्यवाही : उपायुक्त

**दिनेश महता हिसार**

उपायुक्त उत्तम सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को सीएम विंडों की शिकायतों का निपटारा शीघ्र करने के निर्देश दिए और कहा कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

वे वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में सीएम विंडों की लंबित शिकायतों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। सीएम विंडों के तहत आने वाली शिकायतों का निपटारा अधिकारी तत्परता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 15 दिन पश्चात पुनः सीएम विंडों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, तब तक संबंधित विभागों के अधिकारी कम से कम 50 प्रतिशत लंबित शिकायतों का निपटारा अवश्य करें। एलडीएम को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना तथा सीएम विंडों के तहत आने वाली शिकायतों का शीघ्र समाधान करने की हिदायत दी गई। उन्होंने बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग की लंबित शिकायतों की



समीक्षा करते हुए खंड आदमपुर की 48, खंड अग्रोहा की 45, खंड बरवाला की 92, खंड हांसी-प्रथम की 35 एवं द्वितीय की 38, खंड हिसार-प्रथम की 77 एवं द्वितीय की 99, खंड नारनौंद की 53 तथा खंड उकलाना की 51 लंबित शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैंक, नगर निगम, राजस्व विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई।

बैठक में हिसार के एसडीएम जयबीर यादव, हांसी के एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत, बरवाला के एसडीएम अश्वीर नैन, एचएसवीपी के संपदा अधिकारी राजेश कौंथ, उप-पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त उत्तम सिंह।

# रोजगार उत्सव कार्यक्रम स्थगित

**10 दिसंबर 2022 लखनऊ**

कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत 12 दिसंबर 2022 दिन सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ में रोजगार उत्सव कार्यक्रम का आयोजन अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है। रोजगार उत्सव कार्यक्रम के आयोजन की अगली तिथि निर्धारित होने पर सूचना दी जाएगी।

## समय सीमा के भीतर विद्यालय पंजीकरण का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश

कृति कुमारी,
समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। प्रखण्ड संसाधन केंद्र पकरीबरावां में शनिवार में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने विभिन्न विद्यालयों के प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक में बीईओ ने कहा कि स्वच्छ विद्यालय के तहत सभी प्रधान समय सीमा के भीतर विद्यालयों का पंजीकरण कर पूछे गए प्रश्नों का जवाब सबमिट करें। इस दौरान बताया गया कि प्रधानों को अगर किसी प्रकार की तकनीकी सहायता की जरूरत है तो उसके लिए डाटा इंट्री ऑपरेटर, अकाउंटेंट एवं मास्टर ट्रेनर से संपर्क करें। कम्पोजिट ग्रांट की राशि से प्राथमिकता के आधार पर शौचालय की मरम्मत कराने को कहा गया है।



विद्यालय की साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। खर्च की राशि के बाद उसे कैशबुक में इंट्री करने एवं उसका सम्पूर्ण विवरण अंकित करने को कहा गया। महिला साक्षरता को ले नियमित रूप से केंद्र संचालित करने को कहा गया। बैठक में प्रधानो को बच्चों की उपस्थिति के लिए अभिभावकों से संपर्क करने को कहा गया। इस अवसर पर कनीय अभियंता मनोज कुमार, समावेशी शिक्षा के साधनसेवी संतोष कुमार, कस्तूरबा विद्यालय के एकाउंटेंट रविन्द्र कुमार, मास्टर ट्रेनर नागेंद्र प्रसाद, डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, डाटा इंट्री ऑपरेटर विक्रम कुमार, प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार, प्रधानाध्यापक राज कुमार, अभिषेक कुमार, अशोक कुमार, कौसर अली, शारदा आर्याणि, जयन्ती कुमारी, राजेश कुमार, राजेश कुमार पासवान, उमेश प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीयूसीएल ने लिया मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए साहस और मजबूती से खड़ा रहने का संकल्प

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ,
दैनिक समाज जागरण

नवादा (बिहार)। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर लोक स्वातंत्र्य संगठन (पीयूसीएल) की ओर से नवादा नगर के प्रसाद बिगहा में डॉ ओंकार निराला की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी में मानवाधिकार की उत्पत्ति, प्रादुर्भाव, उसके उदेश्य, लक्ष्य एवं कार्यक्रम पर गहन विचार विमर्श किया गया। उक्त कार्यक्रम में दर्जन भर पीयूसीएल के सक्रिय लोग शामील हुए। उपस्थित लोगों में डॉ सुनीति कुमार, ओंकार निराला, दिनेश कुमार अकेला, विपिन कुमार सिंह, अनिल प्रसाद सिंह, डा नरेशचन्द्र शर्मा, डा उमेश प्रसाद,



विजय कुमार उर्फ. छोटे, कमलेश कुमार , मदन प्रसाद, रामनरेश कुमार, अवधेश कुमार आदि शामिल थे।
अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार विचार गोष्ठी में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय में मानवाधिकार, नागरिक अधिकारों, मानवता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए साहस और दृढ़तापूर्वक मजबूती से खड़ा होने का संकल्प शामिल है। विचार गोष्ठी में यह भी संकल्प लिया गया कि पीयूसीएल आखिरी दम तक समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहेगा।
विचार गोष्ठी में यह भी निर्णय लिया गया कि पीयूसीएल के जिला सम्मेलन को इृतिहासिक और शानदार तरीके से मनाया जायेगा। उक्त जिला सम्मेलन में मानवाधिकार से सम्बन्धित सभी संगठनों के प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों, बुद्धिजीवियों, देश प्रेमियों, न्याय और शांति पसन्द लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## ईशान किशन के दोहरे शतक के बाद नवादा में जश्न, दादी ने बांटी मिठाइयां

गुड्डू कुमार, संवाददाता,
दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-बिहार के लाल क्रिकेटर ईशान किशन के दोहरे शतक के बाद नवादा में शनिवार को जश्न का माहौल है।उनके नवादा स्थित पैतृक घर पर भी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।ईशान किशन की दादी पूर्व सिविल सर्जन डॉ सावित्री शर्मा ने लोगों के बीच मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया.वही ईशान किशन के पैतृक घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।विधायक, एमपी सहित तमाम प्रतिनिधि ईशान किशन की दादी को मोबाइल पर फोन कर बधाई दे रहे हैं। सभी लोग ईशान किशन के 131 बॉल पर 210 रनों की धुआंधार पारी की जमकर प्रशंसा कर रहे है।ईशान




किशन की दादी पूर्व सिविल सर्जन डॉ सावित्री शर्मा ने कहा कि आज मेरे पोता ने कमाल की पारी खेली है।उन्होंने कहा कि ईशान किशन के इस पारी ने नवादा ही नहीं, बल्कि देश को भी गौरवान्वित किया है. इसी खुशी में आज अपने आवास पर मिठाई बांटकर खुशी मना रहे हैं. लगातार मोबाइल पर बधाई देने के लिए लोगों का कॉल आ रहा है।उन्होंने कहा कि ईशान किशन सहित सभी खिलाड़ी इसी तरह से बेहतर प्रदर्शन करते रहे. मुझे पूरा भरोसा है कि आगे भी इशान किशन इसी तरह का प्रदर्शन करेगा।बता दें कि आज ईशान किशन बांग्लादेश के खिलाफ 131 बॉल पर 210 रनों की विस्फोटक बल्लेबाजी किया है।ईशान किशन की धुंआधार पारी ने कई दिग्गजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.वे देश के चौथे और दुनिया के छठे बल्लेबाज हैं जिन्होंने 200 रनों से ज्यादा की पारी खेली है।

## मानवाधिकार की रक्षा हेतु प्रखर पहरी बने –जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मीडिया की भूमिका अहम –सचिव।

समाज जागरण , आलोक शर्मा ,
जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 10 दिसम्बर 2022 :- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में अन्तर्राट्रीय मानवाधिकार दिवस पर व्यवहार न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के परिसर में एक जागरूकतो कार्यक्रमे का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम श्री सुनील कुमार सिंह जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सुदीप पाण्डेय सहित पैनल अधिवक्ता, एवं पारा विधिक स्वयं सेवक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिनन्दन कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा मीडिया कर्मियों, मीडिया ग्रुप, पत्रकारों तथा उपस्थित सभी लोगो को मानवाधिकार दिवस की शुभकामनाऐं दी जो मानवाधिकारों को जागृत करने मे सामाजिक प्रहरी का प्रखर योद्धा की भूमिका में रहते हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुनीले कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की प्रकृति में ही बसा है भले ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसम्बर, 1948 को मानवाधिकार दिवस घोषित किया परन्तु भारत का इतिहास एवं स्वाभाव वसुधैव कुटुम्बकम की रही है जो प्राचीन काल से मानव सभ्यता में रची बसी है, फिर भी सामाजिक कुरीतियों के कारण जो समस्याऐं सामने आई उसे प्रबुद्ध समाज न्यायपालिको एवं सरकारों ने उन कुरीतियों को कानून के माध्यम से समाप्त करने का प्रयास किया गया है तथा आगे भी हम सबको इसके लिए निरंतर प्रयास करते रहनी है जिन्हें जरूरत हो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से उनके अधिकारों को दिलाने में हर संभव प्रयास करेगा। मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम में उपस्थित जन समुह को सम्बोधित करते हुए इतिहास के कई तथ्य रखे जो प्रेम के साथ-साथे भारतीय परम्परा को इंगित करता है औरभारतीय महापुरूष चाहे भगवान राम हो, कृष्ण हो, बुद्ध हो, सभी ने प्रेम और अहिंसा की बात की है जो मानवाधिकार का सर्वोतम उदाहरण है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी श्री सुदीप पाण्डेय ने कहा कि मानवाधिकार दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुसार मानव को समानता का अधिकार दिलाने हेतु मानवाधिकार दिवस की शुरूआत 10 दिसम्बर 1948 को की इसी की परिणति में इस वर्ष का मानवाधिकार दिवस का थीम सभी के लिए गरीमा, स्वतंत्रता और न्याय है और यही मूल मंत्र भी है मानवाधिकार की।

## मानवाधिकार दिवस मानवता के मूल अधिकारों का प्रतीक है - डॉ. जूली ज्योति

### अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर वीमेंस कॉलेज, मधेपुरा में कार्यक्रम आयोजित

मधेपुरा। वीमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से प्रधानाचार्य डॉ. जूली ज्योति के आदेशानुसार मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य डॉ. जूली ज्योति ने मानवाधिकार दिवस का विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आम लोगों को उनके मानवाधिकार के प्रति जागरुक करने के लिए ही मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है 1948 मैं संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर को दुनिया भर में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाने का फैसला किया ।इस दिन का उदेश्य मानवाधिकार के मुद्दों पर विचार और चर्चा करना है। उन्होंने कहा यह दिन दुनिया के विभिन्न हिस्सों में राजनीतिक सामाजिक कार्य मानवाधिकार कार्यकताओं के प्रतिभागियों के साथ मनाया जाता है समाज के गरीब और



उत्प्रेरित वर्ग जो मानव अधिकारों के बारे में नहीं जानते हैं उन्हें इसके बारे में जानकारी दी जाती है ताकि आम लोगों को भी उनके मौलिक अधिकारों की जानकारी हो । डॉ. जूली ज्योति ने कहा कि मानवाधिकार दिवस मानवता के मूल अधिकारों का प्रतीक है वहीं पर मौजूद प्रो. मंटू कुमार ने कहा मानवाधिकार दिवस देश विदेश में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिनके जरिए लोगों को मानवता के मौलिक अधिकारों से भली-भांति परिचित कराया जाता है और अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एन एस एस पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी ने कहा मानव होने के नाते हर इंसान को कुछ न कुछ कर्तव्य और अधिकार होते हैं इन अधिकारों और कर्तव्य का पालन करने के बाद ही संसार में मानवता की भावना विकसित होती है मौके पर उपस्थित प्रोफेसर रणधीर कुमार यादव, प्रोफेसर मंटू कुमार,प्रोफेसर अनिल कुमार ,प्रोफेसर रविंद्र कुमार ,प्रोफेसर रुपा कुमारी, कोमल, कालिंदी ,मौसम कुमारी, राजदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## अभिषेक कुमार लोजपा रामविलास छात्र प्रकोष्ठ अररिया के नगर अध्यक्ष नियुक्त- प्रतिक रॉय

अररिया । लोजपा रामविलास अररिया के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पोद्दार की अध्यक्षता में लोजपा रामविलास अररिया के संगठन विस्तार पर विचार विमर्श एवं चर्चा हुई इसमें मुख्य रूप से छात्र प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष राज सूर्यभारती, जिला प्रधान महासचिव अमित आनंद ,जिला सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ गुप्ता, नगर प्रभारी



अमित सिंह ,नगर अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष प्रतीक राय ,जिला सचिव राकेश राय, नगर महासचिव ज्योति भगत जी उपस्थित हुए ।बैठक में छात्र प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष राज सूर्यभारती एवं छात्र उपाध्यक्ष प्रतीक राय के द्वारा श्री अभिषेक कुमार जी को छात्र प्रकोष्ठ का अररिया नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया ।

## बिजली विभाग ने लगाया शिविर, दो मामलों का हुआ निष्पादन।

दैनिक समाज जागरण, गोह से
सुखेन्द्र कुमार की रिपोर्ट

औरंगाबाद (बिहार)10 दिसंबर 2022 :- बिजली विभाग के द्वारा विधुत कार्यालय गोह में शनिवार को शिविर लगाकर विपत्र संबंधी मामलों की सुनवाई की गई। कुल 15 उपभोक्ताओं ने आवेदन दिया, इस दौरान दो मामलों का ऑन द स्पॉट सुधार किया गया. अन्य शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्रखंड के विभिन्न इलाकों से आए लोगों ने अपनी बिल संबंधी समस्याओं को शिविर में रखा। गोह कनीय विधुत



अभियंता सूरज कुमार के साथ अन्य लोग शिविर में मौजूद थें. इसमें ज्यादातर शिकायत बिजली के अधिक बिल आने तथा मीटर तेज चलने की थी। ऐसे उपभोक्ताओं को बताया गया कि मीटर संबंधित कोई दिक्कत नहीं है। डिजिटल मीटर होने से किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना भी नहीं है। कई उपभोक्ता ऐसे भी थे जो लंबे समय से अपना भी पत्र जमा नहीं किए हैं। उनके बिजली बिल में ब्याज की राशि भी जुड़कर आ रही है। ऐसे लोगों को सलाह दिया गया कि अपना बिजली का बिल प्रतिमाह नियमित रूप से जमा करें तो ब्याज के रूप में उनकी अच्छी खासी धनराशि की बचत हो सकती है।

## जल्दी पहुंचने की जीद मतलब जिंदगी दांव पर लग जाती है

### सड़क सुरक्षा के महा अभियान में दिल खोलकर जुड़ने की जरूरत।

दैनिक समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददातता/ धनंजय कुमार विधि संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार ) 10 दिसंबर 2022 :- जल्दी पहुंचने की जीद मतलब जिंदगी दांव पर। लोगों को प्रेरित करना होगा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें ,खासकर नौनिहालों के हाथ में दो पहिया वाहन का परिचालन नहीं करने दे, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने से 90% लोग मौत के मुंह में जाने से बच जाते हैं । दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें , फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने से आपने तो जान बचती है साथ में चलने वालों लोगों को भी हाल भयंकर दुर्घटना का शिकार नहीं होना पड़ता है । यातायात नियमों का पालन नहीं। करने पर स्वयं के साथ दूसरों की जान जोखिम में डालते हैं हादसे में यदि किसी भी सदस्य की जान चली जाती है तो उसके परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ता है उन्हें जीवन भर नहीं भरने वाला जख्म मिल जाता है । शीघ्र पहुंचने की जीद मतलब जिंदगी दांव पर लग जाती है। अभिभावकों को भी बच्चों पर कड़ी नजर रखनी पड़ेगी तथा उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने की बेहद जरूरत है यदि आपके घर का कोई भी सदस्य बाहर निकल रहा है तो उसे हेलमेट लगाने के लिए आग्रह करें बताएं कि हेलमेट पहने से जिंदगी के साथ यात्रा सुरक्षित रहती है अभियान में दिल खोलकर जुड़ने की जरूरत है लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है बुद्धिजीवियों को भी इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है ताकि लोग जागरूक हो और कम से कम दुर्घटना हो यदि दुर्घटना हो जाए तो उन्हें नजदीक के अस्पताल में बेहिचक पहुंचाएं यदि पुलिस और अस्पताल वाले पहुंचाने वालों को अगर कोई परेशानी पहुंचाते हैं तो संपर्क करें सत्य प्रकाश नारायण अधिवक्ता/ धनंजय कुमार विधि अधिवक्ता मोबाइल नंबर 94 714 02395

## स्वच्छता जागरुकता जीवन का हिस्सा : अध्यक्ष

समाज जागरण , आलोक शर्मा ,
जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 10 दिसम्बर 2022 :- जिला विधिक संघ औरंगाबाद के तत्वाधान में शनिवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और संचालन महासचिव नागेंद्र सिंह ने किया, मीडिया प्रभारी सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला विधिक संघ औरंगाबाद निरीक्षी जज न्यायमूर्ति राजीव राय और जिला जज रजनीश कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन से काफी सजग और जागरूक हो गया है, इतिहास में पहली बार व्यवहार न्यायालय परिसर औरंगाबाद नियमित साफ सफाई और रंगरोगन से काफी सुंदर हो गया है जिसका श्रेय निरीक्षी जज और जिला जज औरंगाबाद को जाता है ,उन्हीं के मार्गदर्शन में जिला विधिक संघ औरंगाबाद ने यह पहल की है कि संघ और औरंगाबाद शहर हमेशा सुंदर दिखे और महापुरुषों के प्रतिमा के पास नियमित साफ सफाई हो ,



आज अनुग्रह नारायण सिंह, सरदार वल्लभ भाई पटेल, सत्येन्द्र नारायण सिंह, पूर्व सांसद रमेश प्रसाद सिंह के प्रतिमा के पास साफ सफाई की गई और कहा गया कि आज के कार्यक्रम के
सफलता के लिए जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं को बधाई देते है तथा जन प्रतिनिधियों और प्रशासन से आग्रह करते हैं जिले के सुन्दर रखने के नियमित प्रयास करें । हम अधिवक्ता समाज,आम नागरिक यथासंभव सहयोग करने के लिए तैयार रहेंगे , अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और महासचिव नागेंद्र सिंह ने आगे बताया कि हमकलम के सिपाही, साफ सफाई के लिए झाड़ू भी उठा सकते हैं, इसमें हमारे समाज को कोई संकोच नहीं, महात्मा गांधी भी साफ सफाई नियमित को प्राथमिकता देते थे,
प्रधानमंत्री भी स्वच्छता जागरूकता अभियान को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया है,यह शहर मेरा है सुन्दर दिखे यह दायित्व हम सबका है, रामकिशोर सिंह, रंजीत शर्मा,संत सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अनील कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, रामनरेश प्रसाद, जगनरायण सिंह , अनुग्रह सिंह,ओम प्रकाश सिंह सत्येन्द्र प्रसाद, सीता राम शर्मा, सुनील कुमार सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान के नाम पर बुद्धिजीवियों का डुग्गी- ड्रामा पर कड़ी प्रतिक्रिया

### अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं के स्वच्छता अभियान रैली पर किया प्रहार, कहा स्वच्छता अभियान के नाम पर फोटो खिंचवाने की जारी है सिलसिला।

दैनिक समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददात्ता
धनंजय कुमार विधि संवादात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 10 दिसंबर 2022 :- व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान पर जनजागृती हेतू निकाली गई रैली का फोटो मीड़िया से शेयर किया है और ब्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं पर चुटकी लेते हुए कहा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए व्यवहार न्यायालय के कुछ अधिवक्ता सड़क पर हाथों में झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ा रहे हैं और सस्ती लोकप्रियता हासिल कर समाचार पत्रों में अपने चमकते हुए चेहरे को छपवाकर यह साबित करना चाहते हैं कि हम हाथों में झाडू उठा उठा लिया तो शहर से



गंदगी का सफाया हो जायेगा । वरीय अधिवक्ता रामनंदन मिश्र ने कहा बार में पेशाब करने के लिए भी जगह नहीं है दूसरी तरफ लोग फोटो खिंचवाने के लिए स्वच्छता अभियान चला रहे हैं और साफ सफाई करते चल रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि इन लोग केवल सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं और फोटो खिंचवा कर के अखबार में छपवा रहे हैं । बार द्वारा स्वच्छता अभियान पर जन जागृति हेतू निकाली गई रैली पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरीय अधिवक्ता लखन देव सिंह ने कहा कि रसिक बिहारी सिंह को अपने घर के आस-पास कचरे का ढेर लगा हुआ है, पहले वह अपना घर तो ठीक कर ले, फिर स्वच्छता अभियान के नाम पर पेपर में फोटो छपवाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करते रहें।

## शिक्षा का महत्व है सर्वोपरि

### टी पी कॉलेज स्नातकोत्तर गणित विभाग द्वारा आयोजित दीक्षारंभ (सत्रारंभ) कार्यक्रम का शुभारम्भ

मधेपुरा। मानव जीवन में शिक्षा का महत्व सर्वोपरि है। बेहतर शिक्षा की नींव पर ही हमारे सुनहरे भविष्य का निर्माण होता है। यह बात अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन ने कही। वे शनिवार को स्नातकोत्तर गणित विभाग द्वारा आयोजित दीक्षारंभ (सत्रारंभ) कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे नियमित रूप से कक्षा में आएं और हमेशा शिक्षकों से कुछ-न-कुछ सीखने का प्रयास करें।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि दीक्षारंभ योजना विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे विद्यार्थियों को कक्षाओं में भाग लेने की प्रेरणा मिलती है और उन्हें कैरियर चयन हेतु समुचित मार्गदर्शन भी मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों पर ही समाज एवं राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है। अतः हमारा यह दायित्व है कि सभी विद्यार्थियों को एक समान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराया जाए। दीक्षारंभ कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
मिलता है संस्थान को जानने-समझने का अवसर
कार्यक्रम का संचालन करते हुए



गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने कहा कि दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपने संस्थान एवं शिक्षकों को जानने-समझने का अवसर मिलता है। साथ ही उन्हें पाठ्यक्रम के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलती हैं। इससे पठन-पाठन एवं परीक्षा की तैयारी में भी मदद मिलती है।
उन्होंने कहा कि दीक्षारंभ कार्यक्रम मुख्य रूप से विभागों में आए नए छात्रों की मदद के लिए तैयार किया गया है। नए छात्र विभाग के शैक्षणिक माहौल में आराम से ढाल सकें और उन्हें शिक्षण से संबंधित किसी भी परेशानी का सामना न उठाना पड़े। इस प्रोग्राम में संस्थानों में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों को शामिल होना अनिवार्य है।
इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, नयन रंजन, आशीष कुमार, अंशु राज, कनहिया कुमार, राजीव कुमार, सुमन कुमार, सौरभ कुमार, अमोल कुमार, धीरज कुमार, प्रीति कुमारी, प्रिय कुंज, सौरभ कुमार, आमोद कुमार, रामकृष्ण कुमार, राजा कुमार, गौतम कुमार, आलोक कुमार, संतोष राज, सौरभ कुमार, गुड्डु कुमार, बाबुल कुमार, अजित कुमार, सुमित राज, सतीश कुमार, रमन कुमार आदि उपस्थित थे।

## बहुभोज कार्यक्रम में पहुंचे सांसद प्रदीप सिंह दिया वर-वधु को सुखमयी जीवन का आशीर्वाद

अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह नें अररिया वार्ड नं- 16 के निवासी समाजसेवी सुरेंद्र मिश्रा जी के यहां आयोजित बहुभोज कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वर-वधु को सुखमयी व मंगलमयी जीवन का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष समर नाथ सिंह नें ईश्वर आप दोनों को हमेशा खुश रखें की कामना की ।इस अवसर पर नगर परिषद के पूर्व व प्रथम चेयरमैन सह वर्तमान मुख्य पार्षद प्रत्याशी विजय कुमार मिश्र,लाल बाबू राय सहित वरीय संख्या में स्थानीय लोग बहु भोज कार्यक्रम में शरीक हो उनके मंगल मय जीवन की कामना किये ।

## भूमि विवाद निपटारे को लेकर देव थाना में लगाया गया जनता दरबार

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद जिला के देव थाना परिसर में भूमि विवाद निपटारे को लेकर सप्ताहिक बैठक शनिवार को देव अंचल के सीआई रामलगन राम एवं देव थाना के ए एस आई कृष्णा कांत सिंह के नेतृत्व में बैठक किया गया। इस बैठक में देव के केशौर गांव से सुमित्रा देवी, भटकुर गांव से हरिवंश भठ्ठ, जय प्रकाश राय, शरब बीघा से रुपेश पटेल के



साथ-साथ क्षेत्र से कई वादी अपनी जमीन को समस्या को लेकर देव थाना पहुंचे थे। देव अंचल के सीआई रामलगन राम ने बताया कि आज कुल 4 मामले भूमि से संबंधित आए थे। जिसमें तीन मामले पुराने थे। और एक मामले नए सभी मामले को निष्पादित कर दिया गया।

## जनता दरबार में सुलझाये सात मामले

कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां एवं धमौल परिसर में जनता दरबार लगाकर भूमि संबंधित सात मामले सुलझाए गए। अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि पकरीबरावां में पांच मामले आए। सभी मामलों का निपटारा किया गया। इसी तरह धमौल ओपी में दो मामले आये। दोनों का निपटारा किया गया। गौरतलब है कि हरेक शनिवार को



जनता दरबार लगाकर भूमि विवाद को सुलझाया जाता है। सीओ ने लोगों से आग्रह किया है कि जनता दरबार में पहुंचकर जमीन से जुड़े मामलों को सुलझाएं। इस अवसर पर पकरीबरावां थाना परिसर में थानाध्यक्ष नीरज कुमार एवं धमौल ओपी में ओपी अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद मौजूद थे।

## समाजसेवी एवं कला अनुरागी महेश प्रसाद की पुण्यतिथि मनायी गयी

कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां(नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय में समाजसेवी एवं बाल नाट्य कला परिषद पकरीबरावां से वर्षों तक जुड़े रहे महेश प्रसाद की पुण्यतिथि शनिवार को मनायी गयी। इस अवसर पर उनके पुत्र डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, बहु कृति कुमारी, पौत्र तन्मय कुमार सहित अन्य लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके सामाजिक एवं कला के क्षेत्र में



किये गए कार्यों को याद किया। लोगों ने बताया कि कायस्थ टोला में लक्ष्मी एवं चित्रगुप्त पूजा के समय बाल नाट्य कला परिषद के बैनर तले नाटक का मंचन किया जाता था। जिसमें महेश प्रसाद की भूमिका महत्वपूर्ण रहती थी। सामाजिक कार्यों में भी वे बढ़- चढ़कर हिस्सा लेते थे। आज भी लोग उनकी सादगी, सरल स्वभाव एवं ईमानदारी को याद करते हैं। गौरतलब है कि हरेक वर्ष उनकी पुण्यतिथि मनायी जाती है।

## पनोरमा ग्रुप का बिग बिलियन डे इवेंट आज , मात्र एक लाख देकर करें फ्लेट बुकिंग- संजीव मिश्रा

### पनोरमा हाईट में फ्लेट को लेकर ऑफर ,एम आर, शिक्षक वर्ग, मध्यम वर्गीय परिवार, बैंकिंग सेक्टर से जुड़े ले सकेंगे लाभ

पूर्णियाँ / डॉ.रूद्र किंकर। बिहार की नामचीन रियल एस्टेट कंपनी पनोरमा ग्रुप रविवार को बिग बिलियन डे इवेंट करने जा रही है जिसमें कंपनी अपने बैलौरी स्थित बेहतरीन सोसायटी पनोरमा हाईट में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को मात्र एक लाख से फ्लेट बुकिंग की सुविधा देने जा रही है । पत्रकारों से बातचीत करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव




मिश्रा ने कहा कि कंपनी सामान्य वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए ये आफर अपने ग्राहकों को दे रही है एवं । उन्होंने आस पास के सभी जिलों से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, शिक्षक वर्ग, मध्यम वर्गीय परिवार, बैंकिंग सेक्टर जो की हमारे समाज को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करती है, हमारे समाज की एक मूलभूत इकाई हमारे आसपास के जिला के सभी जिला प्रशासन जो समाज की सेवा के लिए अपने घर से कोशो दूर हमारी सुरक्षा के लिए कार्यरत हैं, सभी को इस इवेंट में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया है जिससे की उन्हे इस इवेंट के साथ साथ मनुष्य के मूल भूत इकाई में से एक घर की अहमियत और उसकी जरूरत के बारे में भी पता चले ।

## पुस्तक मेला पटना में देश के चर्चित पत्रकार आलोचक अनन्त विजय को राजकिशोर सिंह नें भेंट किया समकालीन तापमान

पटना। पुस्तक मेला पटना में देश के जानेमाने हस्ती प्रतिष्ठित चर्चित साहित्यकार पत्रकार आलोचक अनन्त विजय को पत्रकार राजकिशोर सिंह नें समकालीन तापमान की प्रति भेंट की। इस मौके पर वरीय पत्रकार संजय वर्मा सहित साहित्यकार, कवि,




कलमकार आदि उपस्थित थे ।चर्चित साहित्यकार पत्रकार आलोचक अनन्त विजय नें मासिक पत्रिका समकालीन तापमान के माननीय सम्पादक अविनाश चन्द्र मिश्र की तारीफ करते हुए कहा कि तापमान इस वर्ष दिसंबर माह में 25 वर्ष पूरा करने जा रहा है । हमारी शुभकामनाएं हैं ।

## बनमनखी पंचमुखी मंदिर में

### श्री श्री 1008 शत चंडी महायज्ञ की तैयारी शुरू- चिंटू राजा

### कामाख्या धाम गुवाहाटी आसाम के मौनी बाबा के नेतृत्व में 12 जनवरी को होगा कलश यात्रा

बनमनखी। नगर परिषद बनमनखी

के वार्ड नंबर 14 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर सह शिव मंदिर के प्रांगण में 12 जनवरी 2023 से 18 जनवरी 2023 शुरू होने वाला श्री श्री 1008 शत चंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है ।मौनी बाबा के युवा भक्त चिंटू राजा उर्फ माइल्सटोन नें बताया कि संयोजक सह यज्ञकर्ता श्री श्री 108 मौनी बाबा कामाख्या धाम गुवाहाटी आसाम एवं उनके साथ साथ बहुत सारे देवतुल्य बाबाओं एवं ऋषि मुनीयों के प्रवचन का लाभ बनमनखी के जनमानस उठा सकेंगे ।यज्ञ को लेकर बाबा का पदार्पण मन्दिर प्रांगण में हो गया है ।माइल्सटोन नें बताया कि कलश यात्रा सह यज्ञ प्रारंभ



दिनांक -12/01/2023 को एवं यज्ञ समाप्ति दिनांक -18/01/2023 को निर्धारित है ।श्रद्धालु अपने सामथ्यार्नुसार दान देकर पुण्य के भागी बन सकते हैं ।जय महाकाल ।

## अतिक्रमण वाद सं० 3/22 में कार्रवाई करते हुए अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर ने गनोरा गांव में अवैध झोपड़ी को जेसीबी मशीन से क्या ध्वस्त

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के उत्तरी कोझी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 5 ग्राम गनोरा में किरण देवी पति सुभाष ठाकुर के घर के आगे अवैध रूप से उनके ही पड़ोसी पप्पू रजक एवं अजीत रजक बरसों से झोपड़ी बनाकर उसके जमीन को अतिक्रमण कर लिया थो अतिक्रमण हटाने को लेकर किरण देवी फुल्लीडुमर अंचलाधिकारी से लेकर अनुमंडल एवं जिले के कई पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी जिसमें पदाधिकारी द्वारा जांच की गई तो आवेदक द्वारा लगाए गए अतिक्रमण के आरोप को सही पाया गया`जांच के आधार पर अतिक्रमण वाद संख्या 3 /2022 दर्ज करते हुए अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर द्वारा अतिक्रमण कारी पप्पू रजक एवं अजीत रजक को अवैध रूप से बनाए गए झोपड़ी को हटाने का



निर्देश दिया गयो अतिक्रमण कारी द्वारा दिए गए निर्देश का पालन नहीं करने पर शनिवार को अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर द्वारा विधिवत नोटिस चिपकाते हुए भारी पुलिस बलों की उपस्थिति में जेसीबी मशीन से अवैध अतिक्रमण कर बनाए गए झोपड़ी को हटाया गयो वहीं अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर अवैध रूप से सरकारी जमीन का दखल करने वाले लोगों में दहशत का माहौल है वहीं अवैध जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे अवैध झोपड़ी को जेसीबी मशीन से हटाने के मौके पर फुल्लीडुमर अंचलाधिकारी ईशा रंजन, अंचल निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ,राजस्व कर्मचारी अजीत सिंह, धर्मवीर पांडे, अजीत कुमार, शत्रुघन कुमार, फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे

## पंजवारा चेक पोस्ट से 18 शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

उत्पाद विभाग द्वारा शराबियों की धरपकड़ के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार देर शाम झारखंड सीमा से सटे पंजवारा स्थित चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग के एसआई विष्णु प्रिया और प्रवीण कुमार की अगुवाई में टीम ने झारखंड के गोड्डा जिला से आने वाले छोटे बड़े वाहनों की तलाशी ली एवं उस पर सवार लोगों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की । जांच के दौरान कुल 17 लोगों के शराब सेवन करने की पुष्टि हुई। ये सभी शराबी झारखंड के गोड्डा जिला से शराब का सेवन कर आ रहे थे। सभी शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने आर्थिक जुमार्ने हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अपने साथ बांका ले गई ।

जबकि पंजवारा पुलिस द्वारा शुकवार शाम चेक पोस्ट पर एक शराबि को गिरफ्तार कर आर्थिक जुमार्ने के लिए शनिवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

## जनता दरबार में एक मामला हुआ निष्पादित

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

पंजवारा थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया।जहाँ बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग जमीन विवाद से जुड़े मामले को लेकर पहुंचे। इस दौरान बाराहाट प्रखंड के राजस्व कर्मी प्रवीण शेखर एवं पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की एवं अधिकारियों ने दोनों पक्षों के



मौजूदगी में एक मामले को निष्पादित किया। चंडीडीह के हिमांशु शेखर सिंह बनाम गैणु लैया और सोना लैया मामले में दोनों पक्षों के मौजूदगी में आपसी सहमति से अमीन से मापी कराने का आदेश देते हुए मामले को निष्पादित किया गया । वहीं जनता जनता दरवार में पहुँचे नए फरियादियों को अगले जनता दरवार में जमीन से जुड़े सभी कागजात लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया ।

## फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के इटहरी गांव के 13 वर्षीय सचिन गुरुवार से लापता परिजन परेशान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/बांका**

फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतपुर इटहरी गांव के 13 वर्षीय सचिन कुमार पिता सहेन्द्र यादव गुरूवार से लापता है सचिन कुमार के पिता सहेन्द्र यादव ने फुल्लीडुमर थाना में अपने 13 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के लापता होने की सूचना देने थाना पहुंचे थे`इन्होंने बताया कि सचिन कुमार फुल्लीडुमर मुख्य बाजार के धर्मेंद्र पब्लिक विद्यालय



के छात्र हैं सचिन कुमार जब संध्या घर वापस नहीं आया तो घर के परिजन माता पिता खोजबीन करने लगे सुबह जब विद्यालय आकर पता लगाया तो विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सचिन कुमार उक्त दिन विद्यालय नहीं आया था`पुत्र के लापता होने से माता-पिता परिजन एवं अन्य रिश्तेदारों में मातम छाया हुआ है

लापता पुत्र के पिता सहेंदर यादब ने अपना मोबाइल नंबर 900 00 54 753 दीया है जिस व्यक्ति को यह बच्चा मिले इस नंबर पर सूचना देने की बात कही गयी है

## प्रखंड स्तरीय तरंग प्रतियोगिता में भोरसार के छात्रों का अव्वल प्रदर्शन।

**`दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

प्रखंड स्तरीय प्रखंड स्तरीय तरंग प्रतियोगिता मे मध्य विद्यालय भोरसार के छात्रों का प्रदर्शन अव्वल दर्जे का रहा।

17 मैडल के साथ पहले स्थान पर रहा। जबकि दूसरे स्थान पर 12 मैडम के साथ इन्द्रलीला और तिसरे स्थान पर सुपहा के छात्रों का प्रदर्शन रहा। विजेता खिलाड़ियों को पदक नहीं मिलने परे विधालय स्तर पर



कार्यक्रम आयोजित कर सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल दिया गया इस संबंध में भोरसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुरलीधर बरनवाल ने बताया कि पूरे प्रखंड में मध्य विद्यालये भोरसारे के छात्रों का प्रदर्शन अव्वल रहा। अब जिला स्तर पर चयनित छात्रों का कार्यक्रम होगा। मध्य विद्यालय भोरसार के छात्रों का प्रदर्शन देखकर ऐसा अनुभव हो रहा है कि जिले स्तर पर भी छान्ने विधालये नाम छात्र रोशन करेंगे ।कटोरियो वीडियो प्रेम प्रकाश के द्वारा प्रमाण पत्र एवं विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।।

## जिला संरक्षण इकाई के तत्वाधान में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिया प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो -रिपोर्ट**

बांकाः-शनिवार 10 दिसंबर 2022 को बांका समाहरणालय के सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई बांका द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बाल संरक्षण से जुड़े अन्य स्टेक होल्डर्स का पॉक्सो 2012, जेजे एक्ट 2015 एवं बाल संरक्षण से संबंधित अन्य प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन रिसोर्स पर्सन -यूनिसेफ के मोहम्मद शाहिद जावेद एवं मोहम्मद सैफुर रहमान, मुख्यालय डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह बाल संरक्षण पदाधिकारी शंभू प्रसाद सिंह, एवं बाल संरक्षण के कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार सिंह आदि के अध्यक्षता में संपन्न की गई. प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान उपस्थित सभी थानाध्यक्षों एवं बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों के अलावा बाल संरक्षण से जुड़े अन्य स्टेकहोल्डर्स को जेजे एक्ट 2015 पोक्सो 2012 से संबंधित सरकार द्वारा बनाए गए नियमावली के सभी महत्वपूर्ण धाराएं एवं नियमों के अनुसार विधि विरुद्ध बालक किशोर न्याय परिषद विशेष किशोर न्याय इकाई बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी आदि से संबंधित जानकारी दी गई। तदोपरांत विजय युद्ध बालकों को जेल में नहीं रखें जाने से संबंधित जानकारी बाल अधिकार बाल संरक्षण बाल श्रम



की बनाई विधि विरुद्ध बालक एवं देखरेख तथा संरक्षण वाले बालकों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाए आदि से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। देखरेख एवं संरक्षण के दायरे की विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि केवल बिहार में ऐसे 1करोड़ बच्चे हैं जिन्हें किसी ने किसी कारण से पुलिस, चाइल्ड लाइन बाल संरक्षण इकाई की जरूरत पड़ती है। ससमय पर उन्हें सहयोग नहीं मिलने से यह संभावना बनी रहती है कि बच्चे किसी तरह की प्रताड़ना का शिकार बने अथवा गलत संगति में जाकर विधि विरुद्ध बच्चे में परिवर्तन हो जाए। पोक्सो कानून 2012 के तहत किसी भी बच्चे 18 वर्ष से कम के साथ किसी भी तरह का यौन व्यवहार के संबंध में यह दायित्व है की प्राप्त शिकायत अति शीघ्र दर्ज किया जाए। शिकायत दर्ज नहीं करने पर संबंधित प्राधिकारी को भी 6 माह की सजा दी जाने की प्रवधान है। आगे उन्होंने बच्चों से नशे का कारोबार करने वाले या नशीली सामग्री देने वाले को 7 साल की सजा का प्रावधान से संबंधित चर्चा किया। अंत में सभी थानाध्यक्षों एवं बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपने-अपने अनुभव बताने को कहा गया। जिसमें उन्होंने अपने अपने अनुभवों को बताने के साथ-साथ आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम को काफी संतोषप्रद एवं उपयोगी बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर जिले के सभी थाना अध्यक्ष एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी, किशोर न्यायाधीश के सदस्य, चाइल्डलाइन कर्मी बाल संरक्षण के लिए कार्यरत एनजीओ के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## भूमि विवाद से संबंधित सुइया थाना में लगा जनता दरबार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरोः-रिपोर्ट**

चांदनः-जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुइया थाना परिसर में शनिवार 10 दिसंबर को को भूमि विवाद निपटारे से संबंधित जनता दरबार शिविर आयोजित किया गया। शिविर मुख्य रूप से चांदन सीओ प्रशांत शांडिल्य व थाना अध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में भूमि विवाद से संबंधित कुल तीन मामलों को अवलोकन किया गया। जिसमें एक पुराना रास्ता से



संबंधित विवाद को निष्पादित किया गया। वहीं दो नया रैयती मामला में गहन जांच पड़ताल कर दोनों पक्षों को अपना अपना साक्ष्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अगले शनिवार को सुनवाई होने बात कही गई। इस मौके पर अन्य गणमान्य लोगों के साथ रैयत फरियादी मौजूद थे।

## मधुमक्खी के झुंड ने गैस वितरक को किया जख्मी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो -रिपोर्ट**

चांदनः-प्रखंड क्षेत्र के चांदन टोला गांव निवासी कारु मंडल को मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर जख्मी कर देने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित कारु मंडल चांदन के मां तारा गैस एजेंसी प्रोपराइटर अनिल बाजपेई का गैस की होम डिलीवरी करने का करता है। जो शनिवार को



अपने बाइक से गैस टंकी किसी उपभोक्ता के घर होम डिलीवरी करने जा रहा था, इसी बीच रास्ते में मधुमक्खी की झुंड ने आकर हमला कर दिया। जिससे जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा पीड़ित के परिजनों को सूचना देकर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया। जहां मौके पर तैनात चिकित्सक ने उपचार कर घर भेज दिया।

## एएनएम के साथ साप्ताहिक बैठक में दिए जरूरी निर्देश

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो-रिपोर्ट**

चांदनः- शनिवार 10 दिसंबर 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन के सभागार में प्रभारी चिकित्सक एके सिन्हा के नेतृत्व में स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह की अध्यक्षता में एएनएम के साथ सप्ताहिक बैठक आयोजित किया गया। बता दें कि विभागीय आदेश अनुसार बीसीएम एवं स्वास्थ्य प्रबंधक पदाधिकारी फेरबदल किया गया था। जिसके कारण समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में नए बीसीएम एवं स्वास्थ्य प्रबंधक का योगदान पर एएनएम कर्मियों के साथ पहला



सप्ताहिक बैठक आयोजित किया गया ।इस बैठक के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह व बीसीएम द्वारा महिला बंध्याकरण, पुरूष नसबंदी पर सफल आयोजन करने पर चर्चा की। वहीं, टीकाकरण सत्रों पर सर्वे डीयू लिस्ट अद्यतन करने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए, साथ ही संस्थागत प्रशव में गति लाने जैसे मुख्य विंदू पर चर्चा किया गया। मौके पर डॉ आसिफ इकबाल, स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह, बीसीएम संजय कुमार, प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक संजय कुमार,यूनिसेफ बीएम केयर पंकज झा, एएनएम गीता कुमारी, चुन्नी कुमारी, शैलबाला शिवानी, निर्मला हंसदा, रूबी कुमारी, शांतिना मुर्मू, संजू कुमारी,आदि मौजूद थी।

## मजदूर एकता पार्टी के महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता उठाया मजदूरों पर सवाल

**मोहम्मद परवेज आलम भावी प्रत्याशी**

अररिया लोकसभा क्षेत्र एवं प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि आज दिन गरीब मजदूर सिर्फ आज तक मतदान करते आ रहा है पर मगर उनको कोई अपना मतदाता नहीं समझा जा रहा है पर लेकिन मोहम्मद परवेज आलम ने बताया कि देश के मेहनतकाश मजदूर अपने खून पसीने बहा कर देश के विकास में योगदान देकर अहम भूमिका निभाते हैं नित्य8-16 घंटा खेतों में मेहनत कर अन्य हरी सब्जियां फलों को उठ जाते हैं फैक्ट्रियों में अनेक प्रकार के जीवन उपयोग सामान के निर्माण करते हैं सुंदर सुंदर मकानों महलों इमारतों सर को फूलों इत्यादि काम कर देश की उन्नति में योगदान देते हैं देते इस दुनिया से अलविदा हो जाते हैं जो मजदूर देश की उन्नति के लिए अपना सब कुछ निछावर कर देते वहीं मजदूर जीवन भर रोटी कपड़ा और मकान के लिए तरसते रह जाते हैं इस देश में यदि सबसे ज्यादा शोषित वंचित अपमानित व्यक्ति है तो वह है मेहनत काश मजदूर मजदूर जीवन भर मजबूर लाचार और बेबस होकर जीवन व्यतीत करता है वह कभी रोटी के लिए तो कभी कपड़ा के लिए कभी दावा के लिए तो कभी पानी के लिए कभी मकान के



लिए तो कभी रोजगार के लिए मजदूर का जीवन काफी कष्टदायक और संघर्षशील होता है हमारा यह पार्टी एक गरीब मजदूर दलित का पार्टी है जहां मैं हर गरीब हर मजदूर पर एक नजर रखूंगा मैं हर गरीब मजदूर का परेशानी को समझने का प्रयास करूंगा और और हमारा जो पार्टी है वह गरीब दलित मजदूर का पार्टी है आज हमारे बिहार में कोई गरीब खेत में काम करते हुए मर जाते हैं उनको कोई लाभ क्यों नहीं मिलता हमारे सरकारी स्कूल में सिर्फ गरीब मजदूर का बच्चा क्यों पड़ता है उसमें कोई एमपी या सांसद विधायक का बच्चा क्यों नहीं पढ़ते हैं क्योंकि अगर जिस दिन एमपी सांसद विधायक या पैसे वालों का बच्चा स्कूल में पढ़ने लगे तू सरकारी स्कूल में भी ढंग का पढ़ाई जरूर होगा क्योंकि टीचर भी समझेंगे कि हमारे स्कूल में कोई मंत्री का कोई विधायक का कोई सांसद का कोई मुखिया का कोई सरपंच का बच्चा पड़ता है आज बड़े बड़े आदमी का बच्चा कोई प्राइवेट स्कूल में पड़ता है मगर सरकारी स्कूल में नहीं पड़ते हैं क्योंकि सरकारी स्कूल सिर्फ गरीब मजदूर के लिए बना है इसीलिए अगर हमारा पार्टी है शिक्षा विभाग से लेकर गरीब मजदूर दलित का दिल में बसने वाला पार्टी है और दिल में बसाने वाला पाटिया है जो मजदूर खेत में काम कर अनाज उगाते हैं आज वहीं मजदूर दरबदर की ठोकरे खा रहे हैं आखिर ऐसे मजदूर कैसे जी पा रहे हैं बिहार में आज हमारे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी इस दुनिया से चले गए मगर उनका याद उनका ख्याल उनका बनाया संविधान सबको याद है सब याद कर रहे हमारे हिंदुस्तान में सभी गरीब अमीर दलित मजदूर सब एक समान है सभी को एक जैसा सम्मान मिलना चाहिए अररिया लोकसभा भावी प्रत्याशी मोहम्मद परवेज आलम

## तरंग मेगा स्पोर्ट्स उत्सव 2022 प्रखंड संसाधन केंद्र अररिया बिहार शिक्षा परियोजना अररिया स्कूल स्पोर्ट्स मीट 2022 तरंग कार्यक्रम बाल बालिका पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया

**दैनिक समाज जागरण अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

आज दिनांक 10/ 12 /2022 को अररिया प्रखंड की ओर से नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया में तरंग कार्यक्रम 2022को निष्पक्ष तरंग खेल प्रतियोगिता संपन्न हुआ जिसमें दिनांक 8/12/2022से 10 तक खेले गए सभी प्रतिभागी एकल स्पर्धा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पारीतोषीत शिल्ड और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया इनाम वितरण में मुख्य रूप से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अररिया प्रखंड प्रमुख अब्दुल हन्नान निकासी एवं व्यय पदाधिकारी जुन्नु मिश्री उपस्थित रहे



प्रतियोगिता में जिला पदाधिकारी अररिया के पत्रांक272-दिनांक 29/11/2022 के पालन करते हुए सभी प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरस्कार का वितरण किया गया आज के इस कार्यक्रम को संचालन करने में राकेश कुमार मिश्रा शशि भूषण कासिम अख्तर मोहम्मद अब्दुल्ला आलोक नाथ झा बंटी कुमार अनवर करीम इत्यादि उपस्थित रहे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे शादेब प्रभात कुमार उत्तम कुमार झा अरवाज सोमनी अरशद शालेहा रहमतुल्ला साहेवा सुहाना मोहम्मद इंजाम राजेश कुमार शर्मा पायल कुमारी शंवेता कुमारी अभिषेक कुमार निशा कुमारी इत्यादि से करो स्टूडेंट मौजूद रहे

## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने ह्यसूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्र के उद्यमों में त्वरित ऊर्जा दक्षता पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी झ्र बीईई) ने आज "सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में त्वरित ऊर्जा दक्षता पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया। विभिन्न संकुल (क्लस्टर) संघों, एमएसएमई उद्यमियों और हितधारकों ने आपस में चर्चा की और एमएसएमई क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के लिए अपने विचार दिए यह राष्ट्रीय सम्मेलन " सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में ऊर्जा दक्षता के लिए एक समावेशी और टिकाऊ दृष्टिकोण की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान पोर्टफोलियो के साथ-साथ भविष्य के कार्यक्रम के संचालन और कार्यान्वयन को मजबूत करने में योगदान देगा। नेशनल कॉन्क्लेव एमएसएमई क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों और एक कार्य योजना पर विचार-विमर्श करने, विभिन्न हितधारकों के लिए परियोजनाओं द्वारा किए गए प्रयासों की जान्काई और परस्पर समन्वयन के लिए एक सामान्य मंच के रूप में कार्य करेगा

उद्घाटन सत्र के दौरान वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ)-संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ)-ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) परियोजना की सफलता की कहानी का प्रदर्शन किया गयाकइसके बाद 7 ऊर्जा-गहन एमएसएमई क्षेत्रों के लिए नीति केंद्रित मसौदा ऊर्जा दक्षता रोडमैप जारी किया गया। एमएसएमई क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं को तेजी से अपनाने के लिए ऊर्जा दक्षता पर एकीकृत नेविगेशन उपकरण भी जारी किया गया है, जिसे ऊर्जा दक्षता ब्यूरो और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी झ्र एसआईडीबीआई) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है और यह एमएसएमई को परामर्श के लिए निष्पादन, उपलब्धि एवं अर्जन (यह परफॉर्म अचीव एंड अर्न-पीएई) योजना पर मसौदा अवधारणा नोटपर

## अररिया पुलिस ने ब्राउन शुगर स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

दिनांक ,09/12/2022 को समय करीब 08:50 बजे गुप्त सूचना मिला की मजरख सिकटी मोहम्मद पोङ्क मोहम्मद नासिर के घर पर नशीले पदार्थ की बिक्री होती है जहां नेपाल तथा आसपास के स्थान लोग जाकर सेवन भी करते हैं जिसके बाद वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार एसङ्कएसङ्कबीङ्क 52 वी वाहिनी एवं जिला पुलिस के टीम के द्वारा मोहम्मद शरीफ के घर पर विधिवत छापेमारी किया गया छापेमारी के कर्म में मोहम्मद शरीफ के घर में बैठे 6 आदमी भागने का प्रयास किया जिसे टीम के द्वारा उपलब्ध सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर अभियुक्त एक मोहम्मद शरीफ पोङ्क मोहम्मद नासिर के पास से 84 .06 ग्राम ब्राउजर शुगर स्मैक एवं 4200 नेपाली रुपया बरामद हुआ अन्य 5 अभियुक्त के पास से कुल 21 मोबाइल टेबलेट एक पीस 47,414 नेपाली रुपया स्मैक वजन



करने वाला एक मशीन ब्लेड 189 पीस गाजा 7,50 ग्राम एवं अन्य सामान बरामद कर विधिवत जप्त किया गया इसकी जानकारी अररिया जिला के पुलिस अधीक्षक के समीप एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया जिसमें पुलिस कप्तान अशोक कुमार डीएसपी पुष्कर कुमार बीएसएफ के कमांडो भी उपस्थित थे कमांडो भी उपस्थित थे

**गिरफ्तार अभियुक्त का निम्न प्रकार है**

1 मोहम्मद शरीफ पिता मोहम्मद नासिर शकीन मजरख वार्ड नंबर 1 थाना सिकटी जिला अररिया 2 शेष नारायण राजवंशी पिता चंद्र प्रसाद राजवंश साकिर परसाडांगी थाना रंगेली जिला मोरंग नेपाल3 रोशन राजवंशी पिता रामप्रसाद राजवंशी साकिन गोविंदपुर थाना गोविंदपुर थाना गोविंदपुर जिला मोरंग नेपाल 4 संतोष परिहार पिता धन बहादुर परिहार साकिन डांगीहॉट थाना बेलवाड़ी जिला मोरंग नेपाल 5 असीम और अनीश पिता बसंत कोईराला साकिन रंगेली थाना रंगेली जिला मोरंग नेपाल 6 अक्षय डोम पिता तपेवर डोम साकिन डांगीहॉट थाना बेलवाड़ी मोरंग मोरंग नेपाल

## संथाली टोला चन्नो मोड के समीप दो बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गए

**दैनिक समाज जागरण भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट**

भागलपुर जिला के रसलपूर ओ पी थाना क्षेत्र के संथाली टोला चन्नो मोड पर बाइक दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायल युवकों को उपचार हेतु अनुमंडल हास्पिटल कहलगांव में भर्ती कराया गया। घायल



युवक रंजीतगढ गांव निवासी रामकृष्ण कूमार का पुत्र छोटू कूमार व प्रदीप महतो का पुत्र अभिनव कुमार के रूप मे पहचान हुआ दोनों घायल युवकों को चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। डाक्टर ने गंभीर स्थित को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों युवक बाइक से एक साथ जा रहा था। रास्ते में अनियंत्रित होकर खुद सड़क किनारे पेड से टकरा गया

## पीरपैंतीःपशुरामपुर के 3 अग्नि पीड़ितों को मिला 9800 का चेक

**दैनिक सामाज जागरण ( पीरपैंती भागलपुर) देवमुनी कुमार।**

**पीरपैंती में अग्निपीड़ितों को चेक देते अंचल कर्मी व मुखिया**



पीरपैंती-परशुरामपुर पंचायत के अठनिया गांव में गत दिनों आग लगने से अपना सब कुछ आग में गवां देने वालों को शनिवार को अंचल कर्मी केशव कुमार ने मुखिया पवन यादव की निशानदेही पर आपदा के 9800 रुपये का चेक दिया.लाभुकों में श्याम यादव,सूचित यादव व शिवन यादव शामिल थे.मुखिया ने कहा कि पीड़ितों के नुकसान को देखते हुए यह राशि नाकाफी है ,लेकिन इतनी जल्दी सहायता राशि चेक देने के लिए सीओ बधाई के हकदार हैं.

## पोट्र्स उत्सव 2022के तीसरे दिन आज खो-खो एवं कबड्डी का आयोजन मध्य विद्यालय मनोहरपुर में किया गया।

प्रखंड स्तरीय तरंग मेधा स्पोर्ट्स उत्सव 2022के तीसरे दिन आज खो-खो एवं कबड्डी का आयोजन मध्य विद्यालय मनोहरपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी नाथनगर एवं अंचलाधिकारी नाथनगर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दलीय खेल स्पर्धा में उच्च विद्यालय कंझिया, उच्च विद्यालय कजरेली, उच्च विद्यालय मनोहरपुर, गुरुकुल उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय रन्नुचक एवं उच्च विद्यालय नुरपुर, उच्च विद्यालय मथुरापुर ,मध्य विद्यालय श्रीरामपुर ने भाग लिया। कबड्डी के बालक वर्ग में उच्च



विद्यालय रन्नुचक की टीम ने उच्च विद्यालय कजरेली को 24-6 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय नूरपुर ने उच्च विद्यालय कजरेली को20-13 हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खो-खो खेल प्रतिस्पर्धा में उच्च विद्यालय मनोहरपुर का दबदबा रहा। बालक वर्ग में उच्च विद्यालय कंझिया को 17-1 से एवं बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय नूरपुर को 12-1 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## 26 पुड़िया स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

संस,नाथनगर : शाम पांच बजे करीब ललमटिया पुलिस ने इलाके के पासी टोला में एक घर में छापेमारी कर से 26 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर की पहचान पासी टोला निवासी रंजन कुमार के रूप में की है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह बाहर से स्मैक की खेप मंगा कर छोटे-छोटे पैकेट बना कर दो से तीन सौ रुपए में एक पैकेट बेचता था। इस संबंध में ललमटिया ओपी इंचार्ज मिथिलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार स्मैक तस्कर से पूछताछ जारी है। रविवार को जेल भेजा जाएगा।

## संत पॉल स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

नाथनगर के कर्णगढ़ स्थित संत पॉल स्कूल में शनिवार को विज्ञान एवम कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने विज्ञान एवम कला से संबंधित प्रदर्शनी प्रस्तुत की।बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडल्स एवं आर्ट एण्ड क्राफ्ट को देखकर उपस्थित लोगो ने खुब जमकर सराहना की। इस दौरान भारत के विभिन्न प्रदेशों से संबंधित वेशभूषा खानपान एवं कला संस्कृति को भी प्रदर्शित किया।वहीं विद्यालय के प्राचार्य माइकल बैजल क्वाड्रेस ने छात्रों व शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।इस मौके पर स्कूल की समस्त कर्मी मौजूद थे।

## बीस लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

सुईया थाना क्षेत्र के खिजुरिया गांव से शुक्रवार को सुईया पुलिस ने 20 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार तस्कर खिजुरिया गांव के सुशील हांसदा के पुत्र सोनेलाल हांसदा के घर से 20 लीटर शराब बरामद कर गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा में पुलिस ने जरकिन में 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया है ।पुलिस द्वारा शराब के साथ पकड़ाये



तस्कर को न्यायिक हिरासत के लिए बांका भेज दिया हैं।

## तीन शराबी एवं आरोपित गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

सुईया थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से तीन शराबी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार शराबी कटोरिया के पंजरपट्टा गांव के राजेंद्र साह के पुत्र प्रण कुमार, सुइया के नीमाटांड़ गांव के जेठा टुडू के पुत्र जीवलाल टुडू फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के ओलहानी गांव



के मोहली यादव के पुत्र अरुण यादव शामिल है। वही मारपीट के मामले में थाना क्षेत्र के डूमरडीहा गांव के भागरीथ दास के पुत्र तेतर दास, कौआदह गांव के राजेंद्र यादव के पुत्र निप्पू यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। सुइया थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने इसकी जानकारी दी है।

## कटोरिया थाना परिसर में जानता दरबार का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

कटोरिया थाना परिसर में शनिवार को जानता दरवार का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष नीरज तिवारी के निर्देश पर अनि अरुण सिंह एवं राजस्व कर्मचारी केसर आलम ने जमीन संबंधी चार विवाद का जांच किया। जिसमें पिछले जनता दरबार में दिये गये दो



आवेदन का निष्पादन किया गया। ।जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कुल चारे मामलों की सुनवाई की गई। संबंधीते मामलों में नोटिस जारी कर अगले जनता दरबार में हाजिर होने को कहा है।

